


रोहित ने लगाया खास शतक, धोनी-कोहली के ...

P8

दैनिक
# भरोसा मित्र
ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

भगवान वाल्मीकि सर्वसमाज के लिए पूजनीय..

P8



वर्ष:1 ■ अंक: 51 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ सोमवार ■ 30 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

## न्यूज डायरी

### नायब सैनी आज रोहतक में करेंगे पदभार ग्रहण



**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी सोमवार को यहां पार्टी के मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश महामंत्री और विधायक मोहनलाल बड़ौली ने दी है। उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रभारी बिप्लब देब, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ समेत अन्य मंत्री और विधायक शामिल होंगे।बड़ौली के अनुसार कल यहां आयोजित होने वाले समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### भाजपा ने मप्र में जारी की छठी सूची

भोपाल : मप्र भाजपा ने रविवार को अपनी छठी सूची भी जारी कर दी। इसमें शेष रहे दो सीटों पर नाम तय कर दिए हैं। गुना से पन्ना लाल शाक्य को मैदान में उतारा है तो विदिशा से मुकेश टंडन का नाम तय किया गया है। बता दें कि भाजपा की 17 अगस्त को जरी पहली सूची में 39 नाम थे, दूसरी सूची में भी 39 नाम,इसमें तीन केंद्रीय मंत्री समेत सात सांसदों को टिकट दिए थे। तीन विधायकों के टिकट काट दिए थे। तीसरी सूची में एक नाम था। चौथी सूची में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत 25 मंत्रियों को टिकट दिए थे। 57 प्रत्याशियों की इस सूची में सभी वर्तमान विधायकों को टिकट दिए गए। पांचवीं सूची में 92 नामों का एलान किया था। दो सीटों पर प्रत्याशी होल्ड किए गए थे।

### सीएम ने मंत्री नितिन गडकरी को खेड़की दौला टोल समस्या का समाधान करने के लिए पत्र लिखा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केन्द्रीय से क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर एनएचएआई को 30 एके जमीन मुफ्त देने की पेशकश करके इस भूमि पर खे की दौला टोल प्लाजा को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि खे की दौला टोल प्लाजा एनएच 48 पर गुरुग्राम क्षेत्र में यातायात वाहनों का जाम लगता रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने खे की दौला का टोल प्लाजा बदलकर पंचगांव गांव में एक नया टोल प्लाजा स्थापित करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को 30 एके जमीन मुफ्त में देने की पेशकश की है। यह रणनीतिक यातायात प्रवाह को सुगम व सुविधाजनक बनाने और गुरुग्राम शहरी समूह में वाहनों की भीड़ को कम करने में मददगार होगी। मुख्यमंत्री ने नितिन गडकरी को आश्वासन दिया है कि गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी पूरी प्रक्रिया को त्वरित और कुशल गति से परिवर्तन सुनिश्चित करने व अपनी सुविधानुसार जल्द से जल्द एनएचएआई को भूमि हस्तांतरित करने के लिए तैयार है। इस कदम से मौजूदा यातायात बाधा का समाधान होने और क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान मिलने की उम्मीद है।

### सत्यपाल मलिक की राज्यसभा में जाने की कोशिश नहीं हो पाएगी सफल : दलाल

**भिवानी।** हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक और राहुल गांधी की मुलाकात पर निशाना साधते हुए कहा कि मलिक राज्यसभा में जाना चाहते हैं। राहुल गांधी और उनकी पार्टी के पास इतने विधायक ही नहीं हैं कि वह अपनी कोशिश में सफल हो पाएं। मलिक द्वारा लगाए गए आरोपों पर जेपी दलाल ने कहा कि किसी की जीत हार का फैसला देश की जनता करेगी। यह सत्यपाल मलिक या राहुल गांधी के हाथ में नहीं है। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल की सराहना करते हुए कि उनके 9 साल शानदार रह हैं। अब दबंग लोगों को ही राजनीति को नहीं, बल्कि ऑनलाइन पद्धति से सभी को लाभ मिल रहा है। कृषि मंत्री ने दावा किया कि मनोहर लाल ने हुड्डा और चौटाला सरकार से ज़्यादा नौकरियां दी है।

# ग्रुप डी की भर्ती का कार्य अगले माह तक करेंगे पूरा : मनोहर

## मुख्यमंत्री बोले, सिरसा में मेडिकल कॉलेज का जल्द निर्माण होगा शुरू

### मेडिकल कालेज को संत बाबा सरसाई नाथ के नाम से जाना जाएगा

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

सिरसा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि सिरसा में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा उन्होंने रविवार को इस कॉलेज की जमीन का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि इस मेडिकल कॉलेज संत बाबा सरसाई नाथ के नाम से जाना जाएगा। जनवरी महीने में इस मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। सीएम ने डीसी व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि इससे संबंधित कार्य जल्द पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रुप डी की भर्ती का कार्य अगले माह तक पूरा कर लिया जाएगा और हरियाणा सरकार युवाओं को जल्द ही नौकरी देने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री सुबह हेलीकॉप्टर से सिरसा वायु सेना केंद्र पहुंचे। यहां सिरसा विधायक गोपाल कांडा, वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद कांडा सहित अन्य भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। सीएम के आगमन को देखते हुए पूरे क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



#### 100-100 गज के प्लॉट देंगे

मुख्यमंत्री ने थेहड़ से हाउसिंग बोर्ड में विस्थापित 750 से अधिक परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याए भी सुनी। मुख्यमंत्री ने कहा की कोर्ट के आदेशों के अनुसार जिन परिवारों को पुरातत्व विभाग की जमीन से हाउसिंग बोर्ड के फ्लैटो में अस्थाई तौर पर बसाया गया था उन्हें जल्द ही सलार गांव में जमीन खरीदकर 100-100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे।

#### कांग्रेस नेता को किया नजरबंद

पुलिस ने कांग्रेस नेता राजकुमार शर्मा को दफ्तर में नजरबंद किया है। आशंका थी कि वे सीएम कार्यक्रम में विघ्न डालने का प्रयास कर सकते हैं। उनके द्वारा शनिवार को जारी किए गए प्रेस बयान को देखते हुए पुलिस को आशंका थी कि उक्त कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री के ऑटो मार्केट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विघ्न डाल सकते हैं। अपने बयान में उन्होंने उन्होंने मुख्यमंत्री के ऑटो मार्केट आगमन को ढकोसला बताया था। इसलिए एहतियात के तौर पर पुलिस द्वारा यह कदम उठाया गया। सीएम मनोहर लाल सत्संग में शामिल होने के बाद अब दूसरे कार्यक्रमों में शिरकत की। सिरसा पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से गांव सिकंदरपुर स्थित राधा स्वामी सत्संग घर रवाना हो गए। मुख्यमंत्री ने यहां सत्संग सुना। वे थेहड विस्थापितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को भी जाना। सिरसा में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई पुलिस ने हर रोड पर बैरिकेड्स लगाए गए। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कोई विघ्न न पड़े, इसके चलते वहां पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

#### नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया

इस दौरान सीएम ने नशा मुक्ति केंद्र में भी निरीक्षण किया। एक मरीज ने उन्हें बताया कि सीएम साहब यहां पर नशा बहुत बिकता है, उसे पता है कि कौन बेचता है। सीएम ने एसपी को बुलाया और कहा कि नाम नोट करो नशा बेचने वालों के। मरीज ने सीएम को दो लोगों के नाम बताएं, जो नशे का धंधा करते हैं। इस दौरान सीएम ने पुलिस को लताड़ भी लगाई और तुरंत व सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में चल रही फसल खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया, साथ में आढ़तियों से बात कर समस्याएं जानी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब जिला की सभी मंडियां मार्किट कमेटी के अंतर्गत ही रहेंगी। मार्केटिंग बोर्ड में ही सभी मंडियों को समायोजित किया जाएगा और मंडियों की मेंटेनेंस का जिम्मा भी मार्केटिंग बोर्ड को दिया जाएगा।

# देश में कोई ऐसा ट्रेड नहीं है जो हरियाणा से अछूता हो : दुष्यंत

### उपमुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में इंडस्ट्रियल एक्सपो व जिला व्यापार मेले के समापन समारोह में की शिरकत

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम।उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज देश में कोई ऐसा ट्रेड नहीं है जो हरियाणा से अछूता हो। सरकार के स्तर पर इंडस्ट्रीज को और कैसे बेहतर सहयोग किया जाए इसके लिए निरंतर नीति निर्धारण का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में संचालित औद्योगिक संस्थानों का मानना है कि हरियाणा से बेहतर व सुरक्षित व्यापार का माहौल किसी राज्य में नहीं है। वह रविवार को गुरुग्राम के सेक्टर 29 स्थित लेजर वैली पार्किंग ग्राउंड में एमएसएमई निदेशालय व फेडरेशन ऑफ नेशनल इंडस्ट्रीज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गुरुग्राम इंडस्ट्रियल एक्सपो व जिला प्रशासन गुरुग्राम द्वारा आयोजित जिला व्यापार मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। बता दें कि गुरुग्राम में यह एक्सपो व मेला 25 अक्टूबर से शुरू हुआ था।

उन्होंने हका कि कोई भी निवेशक किसी प्रदेश में इन्वेस्ट करने से पहले वहां व्यापार अनुकूल वातावरण के साथ वहां ट्रांसपोर्ट कनेटिविटी को प्राथमिकता देता है। हरियाणा छोटा प्रदेश होने के बावजूद आज यहां 11 एक्सप्रेसवे हैं। यही हमारे एडवांटेज है जिसमें और बढ़ोतरी करने व पहले से मौजूद इंफ्रा को और बेहतर करने के लिए हरियाणा सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में एशिया का सबसे बढ़ा सात मंजिला वेयरहाउस गुरुग्राम में फ्लिप्कार्ट द्वारा बनाया जा रहा है। चीन के बाद छोटे फोन की बैट्री का सबसे बढ़ा संयत्र जिला नूंह में लगाया जा रहा है। आज जो सेक्टर हरियाणा से संबंध नही रखता उसमे भी तेज गति से काम आगे बढ़ रहा है।



#### जल्द जारी करेंगे राजस्थान में प्रत्याशियों की दूसरी सूची

भिवानी। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि जननायक जनता पार्टी एक-दो दिन में राजस्थान चुनाव को लेकर अपने प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट सूची करेगी। उन्होंने दावा किया कि जजपा अपनी चाबी से राजस्थान व हरियाणा की सत्ता का ताला खोलेगी। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला रविवार को भिवानी पहुंचे थे।उन्होंने कहा कि देश में हरियाणा पहला राज्य है, जिसमें 14 फसलें एमएसपी पर ख़रीदी गई हैं। उन्होंने चौ. देवीलाल सदन में लोगों की समस्याएं भी सुनी। उनके हल के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत में दुष्यंत ने कहा कि इस बार 60 लाख मीट्रिक टन धान की ख़रीद का लक्ष्य था। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बाज़रा राजस्थान में हरियाणा के मुकाबले दो हज़ार रुपए से कम भाव पर बिका है। राजस्थान चुनाव को लेकर बताया कि उनकी पार्टी का लक्ष्य 25-30 सीटें पर जीत दर्ज करना है। उन्होंने दावा किया कि जेजेपी राजस्थान व हरियाणा की सत्ता का ताला खोलेगी। राजस्थान में ईडी की कार्रवाई पर कहा कि राजस्थान में 13 महीनों में 19 पेपर लीक होना कोई छोटी बात नहीं। जो चोरी करेगा, उसकी चोरी कभी छिपती नहीं है वह एक न एक दिन पकड़ी जाती है।

# लोकसभा से पहले आठ नगर निगमों के चुनाव होने की संभावना

### तीन निगमों का कार्यकाल हो चुका है समाप्त,पांच का दिसंबर में होगा पूरा

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चंडीगढ़। राज्य में अगले साल लोकसभा और विधानसभा के साथ आठ नगर निगमों के चुनाव होने की संभावना बन रही है। सरकार जनवरी या फरवरी में नगर निगमों के चुनाव करवा सकती है। बता दें कि इसका संकेत मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के स्वागत समारोह के दौरान दिया था। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों से कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को एक टीम के तौर पर कार्य करना है।




अगले साल लोकसभा, विधानसभा के साथ निगम चुनाव का भी सामना करना पड़ सकता है। तीन नगर निगमों का कार्यकाल पहले ही खत्म हो चुका है और पांच नगर निगमों का कार्यकाल दिसंबर में खत्म हो रहा है। ऐसे में नगर निगम चुनाव लोकसभा के पहले भी करवाए जा सकते हैं।

#### क्या स्थिति है जिलों की

बता दें कि फरीदाबाद, गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम का कार्यकाल काफी समय पहले पूरा हो चुका है। इन तीनों के चुनाव लंबे समय से लटके पड़े हैं। हिसार, पानीपत, रोहतक, यमुनानगर, करनाल निगम का कार्यकाल दिसंबर में खत्म हो रहा है। ऐसे में सरकार आठों नगर निगम के चुनाव एक साथ करवाने की संभावना बन रही है। माना जा रहा है कि सरकार की पूरी कोशिश रहेगी कि निगमों के चुनाव लोकसभा से पहले करवा जाएं। यदि भाजपा अधिकतर निकायों में चुनाव जीतती है तो लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए एक माहौल बन सकता है। कुछ महीनों से भाजपा का फोकस भी शहरी वोटरों की ओर ज्यादा है। देखा गया है कि मुख्यमंत्री ने भी शहरी मतदाताओं को कई राहत दी हैं। 800 से ज्यादा कॉलोनियों को नियमित किया जा चुका है। पानी के बिलों व संपत्ति कर में भी राहत दी गई है।

# 'पदक लाओ, पद पाओ' नीति के तहत खिलाड़ियों की करेंगे डीएसपी जैसे पदों पर नियुक्ति : हुड्डा

### सरकार ने देर से कदम उठाया, पर उचित बढ़ोत्तरी नहीं की

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

झज्जर। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज एशियन गेम्स के रजत पदक विजेता दीपक पुनिया के गांव मांडौठी में हुए सम्मान समारोह में पहुंचकर उन्हें बधाई दी। दीपक पुनिया, उनके परिवार और तमाम गांववालों को बधाई देते हुए कहा कि दीपक ने सिर्फ अपने गांव, हरियाणा ही नहीं देश का नाम रोशन किया है। पूरे देश को उनपर मान है। उन्होंने कहा कि देश मान बढ़ाने वाले दीपक जैसे खिलाड़ियों के सम्मान में सरकार को भी कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए। यदि आज कांग्रेस सरकार होती तो हमारी खेल नीति अनुसार दीपक हरियाणा पुलिस में डीएसपी होता। पूर्व ने एशियन गेम्स पदक विजेता खिलाड़ियों के इनाम में बढ़ोतरी की मांग को फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान सरकार ने 'पदक लाओ, पद पाओ' और 5 करोड़ तक के नकद इनाम की नीति बनाई थी। लेकिन इतने बरस बाद भी सरकार ने इनाम राशि में उचित बढ़ोत्तरी नहीं की। सरकार को एशियन गेम्स के लिए कम से कम 5 करोड़ स्वर्ण पदक, 3 करोड़ रजत और 2 करोड़ कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को देने चाहिए। साथ ही कांग्रेस कार्यकाल की तरह खिलाड़ियों को डीएसपी जैसे उच्च पदों पर नियुक्ति मिलनी चाहिए। हुड्डा ने बताया कि कांग्रेस कार्यकाल में खेल नीति के तहत करीब 750 खिलाड़ियों को उच्च पदों पर नियुक्तियां दी गईं थी। लेकिन बीजेपी ने सत्ता में आते ही खिलाड़ियों से डीएसपी और क्लास वन के पदों पर नियुक्ति का अधिकार छीन लिया। जबकि उत्तर प्रदेश जैसा पड़ोसी राज्य कांग्रेस की नीति पर अमल करते हुए अपने पदक विजेताओं को डीएसपी पद पर नियुक्ति दे रहा है। बीजेपी-जेजेपी सरकार ऐसा क्यों नहीं कर रही?



# वही सामान खरीदें, जिसमें देशवासी का पसीना हो : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का आज 106वां एपिसोड प्रसारित हुआ। उन्होंने कहा कि इस बार त्योहारों पर हम ऐसे ही उत्पाद खरीदें जिसमें देशवासी के पसीने की महक हो, देश के युवा का टैलेंट हो। इससे देशवासियों को रोजगार मिलेगा। भारत आज बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है और कई बड़े ब्रांड भारत में अपने उत्पाद तैयार कर रहे हैं। अगर हम उन उत्पादों को अपनाते हैं तो इससे मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही सामान खरीदते हुए यूपीआई डिजिटल



पेमेंट सिस्टम से ही भुगतान करें। मोदी ने क एशियन गेम्स और पैरा एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी तारीफ की और साथ ही खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आदिवासियों का जिक्र करते हुए कहा कि ने कहा कि भारतवर्ष में आदिवासी

### इसमें देश के युवा का टैलेंट होगा, इससे देशवासियों को रोजगार मिलेगा

योद्धाओं का समृद्ध इतिहास रहा है। देश अपने आदिवासी समाज का कृतज्ञ है, जिन्होंने राष्ट्र के स्वाभिमान और उत्थान को हमेशा सर्वोपरि रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 30 अक्टूबर को गोविन्द गुरु जी की पुण्यतिथि भी है। हमारे गुजरात और राजस्थान के आदिवासी और वंचित समुदायों के जीवन में गोविन्द गुरु जी का बहुत विशेष महत्व रहा है। उन्हें मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा आगामी 15 नवंबर को पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मनाएगा।यह विशेष दिन भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती से जुड़ा है। भगवान बिरसा मुंडा हम सब के हृदय में बसे हैं। मोदी ने कहा कि कन्याकुमारी के थिरु ए. के. पेरूमल जी का काम भी बहुत प्रेरित करने वाला है। उन्होंने तमिलनाडु के ये जो स्टोरी टेलिंग ट्रेडीशन है उसको संरक्षित करने का सराहनीय काम किया है। उन्होंने कहा कि मैंने पिछले दिनों देश के हर गांव से, हर घर से मिट्टी संग्रह करने का आग्रह किया गया था।

### केरल के कन्वेंशन सेंटर में भीषण धमाके, एक की मौत, कई घायल

**एर्नाकुलम।** यहां में रविवार सुबह एक कन्वेंशन सेंटर में भीषण धमाके हुए, जिससे एक व्यक्ति की मौत और कई लोग घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक, यह धमाका उस वक्त हुआ, जब कई लोग कन्वेंशन सेंटर में प्रार्थना सभा के लिए जुटे थे। कन्वेंशन सेंटर में उस वक्त मौजूद लोगों ने मीडिया से बातचीत की। कन्वेंशन सेंटर में मौजूद एक वृद्ध महिला ने कहा, पहला धमाका प्रार्थना के बीच हुआ। जिसके बाद हमने दो और विस्फोटों की आवाज सुनी।

## मुलाकात

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा के प्रांत प्रचारक ने टी प्वाइंट पर मुलाकात की राज्य के गृह मंत्री से

# चाय के साथ विज और विजय में हुई खूब चर्चा

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

अंबाला। राज्य के गृहमंत्री अनिल विज से आरएसएस के प्रांत प्रचारक विजय कुमार ने सदर बाजार के टी ग्रुप पर मुलाकात करके अपनी यादों को ताजा किया। विजय कुमार रविवार को अचानक सुबह 9 बजे अंबाला छावनी के सदर बाजार चौक पर पहुंचे। जहां पर टी ग्रुप के सदस्यों ने गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया। विजय कुमार ने कहा कि पंचकूला के एक कार्यक्रम से लौटते हुए वह अम्बाला के एक कार्यकर्ता के घर पहुँचे तो वहां पर उन्होंने जैसे ही विज साहब का जिक्र आया तो पता चला की वो सदर बाजार में अपने टी प्वाइंट पर बैठे होंगे। इसके बाद वह स्वयं को रोक नहीं पाये।

अनिल विज से मुलाकात के दौरान विजय कुमार ने बताया कि उन्हें नहीं मालूम था कि आप कहां बैठते हैं। मगर यह देखकर बहुत खुशी हुई कि एक विधायक जो गृह मंत्री आज भी लोगों के बीच सड़क पर बैठकर चाय पी रहा है। लगभग 35 मिनट चली इस मुलाकात के दौरान प्रांत प्रचारक ने टी ग्रुप के सदस्यों से बातचीत भी की। इस मुलकात के दौरान वह यह जानकर और भी दंग रह गये की बीते लगभग 35 साल से अनिल विज यही अपनों के बीच बैठकर गपशप करते हैं।



#### कहां है मंत्री अनिल विज का टी ग्रुप

अम्बाला छावनी से 6बार चुनाव जीत चुके अनिल विज अपने टी ग्रुप और टी प्वाइंट को कभी नहीं भूलते। बाहर से आने वाले विधायक हो या अधिकारी हर किसी को मालूम होता है की सुबह 8बजे से लेकर 10 बजे तक मंत्री अनिल विज से अगर मिलना है तो अम्बाला छावनी के सदर बाजार के चौक पर चाय की प्याली के साथ ही विज साहब से मुलाकात होगी। आलम यह है कि अब सदर बाजार का यह चौक टी प्वाइंट के नाम से जाना जाने लगा है ।

#### केवल गपशप होती है इस टी प्वॉइंट पर

बता दें कि अनिल विज अब बीते 10 सालों से प्रदेश सरकार में मंत्री हों, मगर बीते 35 सालों से लगातार इस टी ग्रुप में अपने साथियों के बीच में आते है और चाय की चुस्कियां के साथ शहर के सुख दुख को लेकर चर्चा करते हैं।

### सीएम के फैसले से पीछे हटे गृहमंत्री

# अनिल विज नहीं लगाएंगे जनता दरबार

### विधायकों को दूसरी विधानसभा में जनसंवाद की छूट

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज अब जनता दरबार नहीं लगाएंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन संवाद को लेकर किए गए नए फैसले के बाद विज जनता दरबार को लेकर पीछे हट गए हैं। हाल ही में सीएम ने चंडीगढ़ में हुई विधायक दल की मीटिंग में मुख्यमंत्री सत्तासीन विधायकों को मंत्री और सांसदों की तरह जनसंवाद करने की



छूट दे चुके हैं। यह जरूर है कि सीएम ने इस छूट में एक शर्त लगाई है कि विधायक इन जनसंवादों को करने के लिए दूसरे जिले या विधानसभाओं को ही चुन पाएंगे। इस फैसले की भनक अनिल विज को भी लग गई थी, जिसके बाद उन्होंने जनता दरबार अब पूरी तरह से रोक लगाने का फैसला किया है।

#### विज हर महीने दो बार लगाते थे जनता दरबार

अनिल विज द्वारा अंबाला में लगाए जाने वाले जनता दरबार का आयोजन महीने में 2 बार होता था। वह हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को जनता दरबार लगाते थे। इसमें हरियाणा भर के लोग अपनी अपनी शिकायतों को लेकर पहुंचते थे। अनुमान के अनुसार हर दरबार में 5 हजार से ज्यादा फरियादी पहुंचते थे। विज रात एक बजे तक शिकायतों की सुनवाई करते थे।

#### पहले भी बंद कर दिया था दरबार

सीएम मनोहर लाल ने इस साल मार्च में एक आदेश जारी किया था कि जिलों के डीसी, एसपी समेत फील्ड अधिकारी सुबह 11 बजे से लेकर 2 बजे तक लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद विज ने जनता दरबार लगाना बंद कर दिया था। उन्होंने कहा था कि ऐसा वह बहुत समय से चाहते थे और उनकी यह मंशा पूरी हो गई। यही वजह है कि अब वह हर शनिवार को जनता दरबार नहीं लगाएंगे।

#### विभाग छोड़ने की खबर भरोसा मित्र ने की थी प्रकाशित

दैनिक भरोसा मित्र ने भी यह खबर प्रकाशित की थी कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज स्वास्थ्य विभाग छोड़ सकते हैं। वह मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी के दखल को लेकर काफी नाराज हैं। इसीलिए 5 अक्टूबर से स्वास्थ्य विभाग की फाइलों पर ब्रेक लगा हुआ है। नाराज होने के कारण विज इन दिनों स्वास्थ्य विभाग की कोई फाइल साइन नहीं कर रहे हैं।

## खबर फटाफट

### तीसरी बार बनेगी डंबल इंजन की सरकार: राकेश जैन

**सोहना :** श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन और जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने कहा कि छोटे से छोटे कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देना भाजपा में ही संभव है। उन्होंने पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को पार्टी में राष्ट्रीय सचिव तथा सांसद नायब सिंह सैनी को प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री मनोहरलाल तथा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने सांसद नायब सिंह सैनी को जो जिम्मेदारी सौंपी है, उन्हे भरोसा है कि वह उस पर 100 फीसदी खरा उतरेंगे और सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन का और अधिक विस्तार करेंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार ने योजनाएं बनाई हैं, उससे देश- प्रदेश तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनेगी।

### आम आदमी पार्टी की दोगली नीतियों का भंड़ा फोड़ेगी कांग्रेस : धारीवाल

**सोहना :**सोहना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट का कहना है कि कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश में भाजपा-जजपा के साथ-साथ आम आदमी पार्टी की दोगली नीतियों भांड़ा फोड़ने का फैसला लिया है। उन्होने कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब में सत्तारूढ़ है और हरियाणा को एसवाईएल नहर का पानी देने से मना कर रही है तो हरियाणा में आम आदमी पार्टी के नेताओं को सार्वजनिक रूप से यह बताना चाहिए कि जब वह अपनी सरकार से हरियाणा के लिए एसवाईएल नहर का पानी नहीं ले पा रहे हैं तो वह हरियाणा के हितों की रक्षा कैसे करेंगे।

### दुष्कर्म मामले में फंसाने की धमकी देकर रकम ऐंठने वाली महिला गिरफ्तार

**सोहना :** स्थानीय पुलिस ने एक ट्रांसपोर्टर की शिकायत पर जांच की एक-एक कड़ी को जोड़कर दुष्कर्म मामले में फंसाने की धमकी देकर रकम ऐंठने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ने ट्रांसपोर्टर के कैंटर पर चालक के रूप में कार्यरत युवक के खिलाफ सोहना सदर थानाक्षेत्र के तहत लगने वाली निमोठ पुलिस चौकी में शिकायत देकर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था और 50 हजार रुपए की मांग कर रही थी। पकड़ में आई महिला की पहचान 40 वर्षीय भारती हालआबाद के रूप में हुई है। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है,उसे जल्द अदालत में पेश करेगी।

### चोरी किए गए मोबाइल समेत आरोपी का किया गिरफ्तार

**सोहना :** सीआईए पुलिस ने मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर स्थानीय बाईपास गोल सर्कल के समीप मोबाइल चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वसीम उर्फ नानी निवासी गांव सिलखो, खंड तावडू, जिला नूंह मेवात के रूप में हुई है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए दोनों मोबाइल बरामद कर लिए हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ चोरी व लूट के 3 मामले मिलेनियमसिटी जनपद में और हत्या के प्रयास, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने, चोरी, पोक्सो एक्ट व शस्त्र अधिनियम के तहत 9 मामले नूंह जिले में दर्ज है। आरोपी 2 मामलों में अदालत ने बेल जंपर घोषित किया हुआ है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। उसे पुलिस जल्द अदालत में पेश किया जाएगा।

### रन फॉर यूनिटी का आयोजन 31 अक्टूबर को

**सोहना :** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर तथा नाहरपुर ग्रामपंचायत के सरपंच रहे भाजपा नेता चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया के अनुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को सोहना उपमंडल पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। आमजन की सक्रिय भागीदारी के साथ यह दौड़ देश की एकता व अखंडता को समर्पित होगी, जिसमें हर वर्ग की उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी। राष्ट्रीय भावना के साथ सोहना उपमंडल के नागरिक मिलकर दौड़ लगाते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर तथा नाहरपुर ग्रामपंचायत के सरपंच रहे भाजपा नेता चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने बताया कि हर वर्ष की तरह 31 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम में जिला के लोगों की भी प्रभावी जन भागीदारी रहेगी। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी दस किलोमीटर व उपमंडल स्तर और पांच किलोमीटर की दौड़ लगाएंगे। दौड़ का समय सुबह लगभग 7 बजे रहेगा तथा प्रतिभागियों को सुबह साढ़े 6 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना होगा। सुबह 7 बजे हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया जाएगा।

### आयुर्वेदिक कॉलेज से श्रीकृष्णा शब्द हटाना बेहद निंदनीय : डागर

**सोहना :** क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया तथा इनेलो युवा के हलका प्रधान सन्नी डागर ने कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्णा राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज का नाम बदलकर आयुर्वेद अध्धयन एवं अनुसंधान संस्थान किये जाने पर इसको निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जहां भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था, ऐसे स्थान पर किसी संस्थान के नाम से श्रीकृष्ण का नाम हटाना बेहद निंदनीय है। सरकार को इस कॉलेज के नाम को बदलने की बजाय एक नया कॉलेज खोलना चाहिए था मगर हरियाणा की मौजूदा सरकार कुछ नया बनाने की बजाय पहले से चल रहे संस्थानों का नाम बदलने में ज्यादा विश्वास रखती है। उन्होंने सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि सरकार को इस महाविद्यालय का नाम श्रीकृष्णा ही किया जाए।

### रैली में कार्यकर्ता लेंगे बढ़-चढ़कर हिस्सा : घोडारोप

**सोहना :** सोहना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने क्षेत्र में दर्जन गांवों का दौरा कर युवाओं को 17 दिसंबर को अपने साथ कांग्रेस पार्टी के झंडे तले सिरसा में आयोजित होने वाली किसान-मजदूर आक्रोश रैली में चलने का न्यौता दिया। उन्होंने बताया कि इस दिन भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में कांग्रेस के झंडे तले सिरसा में रैली आयोजित की गई है। इस रैली को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुडडा, राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र हुडडा समेत अनेकों पूर्वमंत्री, मौजूदा तथा पूर्व विधायक तथा कांग्रेस पार्टी के प्रदेशस्तरीय नेता संबोधित करेंगे। इस मौके पर घोडारोप का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। महेश ने मोदी सरकार को घोर किसान विरोधी बताया।

एसडीएम अन्य अधिकारियों ने दिए निर्देश

# प्रशासन की मिठाई विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी

## डिब्बे के साथ मिठाई तोलने,सिंथेटिक दूध-मावा व नकली रंगों का इस्तेमाल करने वाले रहेंगे निशाने पर

**त्योहार के नाम पर मनुष्य के जीवन से खिलवाड़ करने की इजाजत हर्गिज नहीं सहन होगी**



उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** सोहना जोन के एसडीएम प्रदीप कुमार एवं सोहना तहसील में कार्यरत तहसीलदार अजय कुमार और उपतहसीलदार लच्छीराम ने मिठाई विक्रेताओं को यहां बिकने वाली मिठाइयों में रंग ना डालने और खोया की उच्च बढ़िया क्वालिटी रखने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

उन्होंने मिठाई खरीदने वाले ग्राहकों से मिठाई खरीदते वक्त मिठाई के साथ डिब्बे को वजन के साथ ना तुलवाए जाने को कहा। साथ ही, मिठाई के साथ डिब्बे को तोलने वाले मिठाई विक्रेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाए जाने का विश्वास दिलाते हुए बताया कि किसी भी मिठाई विक्रेता, हलवाई, रेस्तरां पर मिठाई के साथ डिब्बे का वजन भी साथ तोले जाने की शिकायत हाथ लगते ही तत्काल प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

ज्ञातव्य हो कि इस क्षेत्र में प्रायः मिठाई विक्रेता प्रशासन की अनदेखी और ग्राहकों की चुप्पी के बीच मिठाई के साथ डिब्बे का वजन भी साथ में तोल उन्हें आर्थिक रूप से चूना लगाते हैं। साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित कायदे-कानूनों को भी ठेंगा दिखाते है। बता दे कि दीपावली के नजदीक आते ही यहां क्षेत्र में मिठाई बनाने वाले दुकानदार मिठाइयों को सुंदर सजावट देने में लिए आम जन के लिए अत्यंत घातक रंगों, सिंथेटिक दूध व मावा, बासी खोया से भी मिठाइयां बनाने और बेचने से गुरेज नहीं करते हैं। ऐसे में ऐसी मिठाइयों का सेवन करने से फूड प्वाइजनिंग होने का खतरा भी बन जाता है।

**क्या कार्रवाई होगी**

उन्होंने बताया कि वह स्वयं सैंपल अधिकारी को साथ लेकर सोहना में मिठाई विक्रेताओं, हलवाइयों, बड़ी-बड़ी दूध डेयरियों और खोया, पनीर, मावा बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों पर औचक छापेमारी कर उपरोक्त खाद्य वस्तुओं का सैंपल भरवाएंगे। भरे गए सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाया जाएगा ताकि खाद्य वस्तुओं में मिलावट करने वाले और अत्यंत घातक रंगयुक्त मिठाइयां बेचने वाले, सिंथेटिक दूध व नकली पनीर, मावा, बासी खोया बेचने वाले विक्रेताओं पर कड़ाईपूर्वक लगाम लगाई जा सके।

एसडीएम प्रदीप कुमार एवं सोहना तहसील में कार्यरत तहसीलदार अजय कुमार और उपतहसीलदार लच्छीराम ने बताया कि त्योहार के नाम पर मनुष्य के जीवन से खिलवाड़ करने की इजाजत हर्गिज नहीं सहन होगी।

## बाजार में सवेरे से लग जाता है जाम,जनता परेशान

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

प्रमुख समाजसेवी तथा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट का कहना है कि स्थानीय नगरपरिषद प्रशासन की बरती जा रही लापरवाही और निष्क्रियता के चलते यहां के बाजारों में चंहु ओर बेवजह जाम का नजारा देखने को मिल रहा है।

बता दें कि यहां पर शहर पुलिस थाने से शहर के प्रत्येक प्रमुख बाजार वाले रास्तों में दिन के वक्त जबरदस्त भीड़भाड़ होने के बावजूद ट्रैक्टर-ट्रालियों और सामान लादने-उतारने वाले बड़े वाहन, ट्रकों आदि की आवाजाही पर रोक ना लगाने का खामियाजा आम जनमानस विशेषकर छोटे-छोटे बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

धारीवाल ने कहा कि यहां के बाजारों में सड़कों पर दुकानों के आगे 5 से 8 फुट जगह-जगह पर किया गया अतिक्रमण भी जाम को बढ़ाने में सहायक साबित हो रहा है।

उन्होने बताया कि अनाजमंडी में फसल लाने वाले और यहां के बाजार मार्किटों में सामान खरीदने आने वाले लोग बाजार में भीड़ होने के बावजूद अपने वाहनों को बाजार के भीतर सडे किनारे अथवा सडे पर आड़े-तिरछे खड़ा कर देते है।

जिस कारण सुचारू यातायात में बाधा पडने् पर जाम लग जाता है। सडे किनारे व सड़क पर वाहनों के खड़े होने से आवाजाही वाले वाहन बीच सड़क में अटककर खड़े हो जाते है। इस कारण कई-कई घंटों जाम खुलने का इंतजार करते रहते है।

धारीवाल का कहना है कि जनहित में स्थानीय नगरपरिषद व पुलिस प्रशासन को आपस में तालमेल बिठाकर यहां पर बाजार के भीतर रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को निजात दिलाने की पहल करनी चाहिए और दिन के वक्त भीड़भाड़ के चलते बड़े वाहनों की शहर के भीतर आवाजाही व सड़क किनारे और सड़क पर वाहन खड़े करने पर कड़ाईपूर्वक रोक लगानी चाहिए ताकि आम जनता को जाम से राहत मिल सके। हादसा होने की आशंका भी नहीं रहेगी।

इस मौके पर धारीवानल ने आशंका जताई गई कार्रवाई नहीं हुई तो हादसों में वृद्धि हो सकती है।

**कार्रवाई की जाएगी**

इस संबंध में नगरपरिषद प्रमुख अंजू देवी का कहना है कि बाजार को जाम मुक्त बनाने के लिए जल्द ही प्रभावी कार्रवाई अमल में ला रहे है। बाजार में जाम ना लगे, इसलिए सडे किनारे खड़े वाहनों के चालान काटे जाएंगे। वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई पुलिस अमल में लाएगी।उन्होंने कहा कि इससे आम जन को जल्द राहत मिलेगी।

## कांग्रेस के पक्ष में चल रही जबरदस्त लहर :दमदमिया

**जनता भाजपा की झूठ व लूट भरी नीतियों को पहचान गई है**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना ।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व कांग्रेस में राज्य प्रवक्ता मनीष खटाना दमदमिया ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष जबरदस्त लहर चल रही है। उन्होंने भाजपा समर्थक वसीम खान, अब्दुल, जफर अहमद, रशीद उर्फ चुग्गा, हन्नान, इशाक, हिदायत, हारून, आजाद, सलीम, मुस्तकिम, नदीम आलम, सददाम, साहिल, वारिस, महमूद, लल्लू के अपने सैकड़ों समेत कांग्रेस में शामिल होने का स्वागत किया है।

उन्होंने इसे उपरोक्त नेताओं का लिया गया दूरदर्शी फैसला बताया है। कहा कि हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के उपनेता तथा पूर्व परिवहन मंत्री चौधरी आफताब अहमद एडवोकेट की मौजूदगी में उपरोक्त लोगों ने कांग्रेस की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस का हाथ थामा है। आज देश की जनता भाजपा की झूठ व लूट भरी नीतियों को पहचान गई है तो जननायक जनता पार्टी आगामी होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले ही टूटने की कगार पर पहुंचने लगी है। धरातल पर आज हालात ये है कि प्रदेश और देश में बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। कामधंधे चौपट हो गए है। ऑनलाइन ठगी की वारदातें तेजी से बढ़ने से लोगों के बैंक खाते खाली हो रहे है। भाजपा के राज में लोग बिजली, पानी, सीवरेज जैसी समस्याओं से जूझ रहे है। भाजपा के राज में सरमाएदारों, पूंजीपतियों की मौज है।

## अब आईटीआई छात्र का बिल्कुल मुफ्त में बनेगा पासपोर्ट : गुर्जर

**सोहना:** जजपा युवा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनेश गुर्जर ने कहा कि जजपा-भाजपा गठबंधन सरकार में आईटीआई में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अच्छे दिनों की शुरूआत हो गई है। सरकार ने आईटीआई में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी को बिल्कुल मुफ्त में पासपोर्ट उपलब्ध कराने का फैसला लिया है।

उन्होंने कहा कि अच्छी बात ये है कि पासपोर्ट पर खर्च होने वाले 1500 रुपए के खर्चे को संबंधित कौशल एवं विकास औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग खुद वहन करेगा ताकि विदेश जाने के इच्छुक विद्यार्थी को घर बैठे पासपोर्ट बनने पर विदेश जाने की राह आसान हो सके, लेकिन इसके लिए छात्र की आईटीआई में उपस्थिति कम से कम 80 प्रतिशत होना जरूरी है। साथ ही छात्र की सभी थ्योरी व प्रैक्टिकल परीक्षाओं में मौजूदगी जरूरी बनाई गई है। गुर्जर ने बताया कि पहले जजपा-भाजपा गठबंधन सरकार ने कॉलेजों में पढने् वाले फाइनल ईयर के छात्रों को कॉलेजों में ही पासपोर्ट बनवाने वाली सुविधा मुहैया कराई।

## कांग्रेस असल मुददों से भटका रही लोगों का ध्यान : शर्मा

**मोदी व मनोहर सरकार ने गांव व शहर के लिए योजनाएं बनाकर इन साढ़े 9 सालों में देश को बदलने का काम किया**

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

**सोहना।** स्थानीय मार्किट कमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया ने कांग्रेस पार्टी पर लोगों को बरगलाने और असल मुददों से ध्यान हटाने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि छोटे से छोटे कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देना भाजपा में ही संभव है। उन्होने पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को पार्टी में राष्ट्रीय सचिव तथा सांसद नायब सिंह सैनी को प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री मनोहरलाल तथा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने सांसद नायब सिंह सैनी को जो जिम्मेदारी सौंपी है, उन्हें भरोसा है कि वह उस पर 100 फीसदी खरा उतरेंगे और सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन का और अधिक विस्तार करेंगे।

यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए दिनेश शर्मा खेड़लिया ने कहा कि हमारा संगठन पन्ना प्रमुख तक मजबूती के साथ काम रहा है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने संगठन को नीचे तक मजबूत करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, महिला, किसान, व्यापारी तथा गांव व शहर के लिए योजनाएं बनाकर इन साढ़े 9 सालों में देश को बदलने का काम किया है। इसी कड़ी में हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जो योजनाएं बनाई हैं, उन्हें जमीन पर उतारने का काम हमारे लाखों कार्यकर्ता एकजुट होकर कर रहे हैं।

खेड़लिया ने कहा कि विपक्ष झूठ बोलकर के लोगों को बरगलाने का काम कर रहा है और भ्रम पैदा कर रहा है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने राजस्थान में झूठ बोलकर चुनाव जीता था। राहुल गांधी ने वादा किया था कि शपथ लेने के दस दिनों के अंदर ही किसानों का कर्जा माफ कर दिया जाएगा, लेकिन झूठ की नींव पर बनी कांग्रेस सरकार ने कोई कर्जा माफ नहीं किया। जिससे तंग आकर लगभग साढ़े चार हजार किसानों ने राजस्थान में आत्महत्या कर ली। कांग्रेस सरकार ने साढ़े 19 हजार किसानों की जमीन कुर्क कर दी।

न्होंने कहा कि कांग्रेस व घमंडिया गठबंधन के नेता झूठ बोलते हैं। इस झूठ से जनता को बचाने का काम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता करेंगे ताकि ये लोग झूठ ना फैला सके। कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता रहा है। इसके उलट भाजपा की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज हित में कार्य कर रहे हैं, नई-नई योजनाएं बनाकर उनका लाभ गरीबों, वंचित तक पहुंचा रहे हैं। उन्होने कहा कि 75 विधानसभाओं में पन्ना प्रमुख सम्मेलन संपन्न हो चुके हैं और जल्द ही बचे हुए पन्ना प्रमुख सम्मेलनों को पूरा कर लिया जाएगा।

**तीसरी बार बनेगी डबल इंजन की सरकार**

उन्होंने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने, इसमें हमारे कार्यकर्ता अहम भूमिका निभाते हुए दस की दस सीटें जीतकर पीएम मोदी की झोली में डालने का काम करेंगे। कार्यकर्ताओं के दम पर ही हरियाणा में भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, हमारे सांसद, विधायक और मंत्री जनसंवाद के जरिए लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। जितनी भी केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं है, इनसे अगर कोई व्यक्ति छूट गया है तो पार्टी के कार्यकर्ता उसका सहयोगी बनकर सेवा कार्य कर रहे हैं।

## महर्षि वाल्मीकि के दिखाए रास्ते पर चलें : ओमप्रकाश

**महर्षि को समाजवाद का प्रबल हिमायती और साक्षात परमात्मा बताया गया**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** यहां पर रविवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में भीम आर्मी के स्थानीय कार्यालय पर महर्षि वाल्मीकि के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। म ौजूद युवाओं ने महर्षि वाल्मीकि के दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प भी सामूहिक रूप से लिया है। इस मौके पर भीम आर्मी के जिलाप्रभारी तथा नगरपार्षद पहलवान ओमप्रकाश नूत्रे, अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश अग्रवाल, युवा समाजसेवी अमित वाल्मीकि, मनोज धनेटवाल, सुनील रसगनिया, सुनील तंवर, अमित कुमार, रविन्द्र झकड़ा, संदीप कोली, राहुल वाल्मीकि, गांव सिलानी से आए अमित वाल्मीकि आदि लोग विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस मौके पर उपस्थितों के बीच भीम आर्मी के जिलाप्रभारी तथा नगरपार्षद पहलवान ओमप्रकाश नूत्रे, अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश अग्रवाल, युवा समाजसेवी अमित वाल्मीकि ने महर्षि वाल्मीकि जी को समाजवाद का प्रबल हिमायती और साक्षात परमात्मा बताते हुए कहा कि उनके जीवन के प्रेरक पहलुओं का अनुसरण करके हम खुद के जीवन को सफल बनाने के साथ-साथ नए व बेहतर समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते है।

उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि उच्च कोटि के समाज सुधारक और महान तपस्वी थे, जिन्होंने अपने निजी स्वार्थों को दरकिनार कर समाज को सुधारने का बीड़ा उठाते हुए सदैव समाज कार्यों को ही सर्वोपरि रखा और समाज के हर वर्ग के लोगों को हमेशा पथभ्रष्ट होने से बचाया।

उन्होंने महर्षि वाल्मीकि जी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने ऊंच-नीच के भेदभाव का विरोध करते हुए समता के सिद्धांत के साथ कर्म करने का रास्ता दिखाया। मानवतावादी सोच को बढ़ावा देने में महर्षि वाल्मीकि जी के किए गए सराहनीय योगदान को हर्गिज नहीं भुलाया जा सकता है, जिसके लिए पूरा संसार उनका सदैव ऋणी रहेगा। महर्षि वाल्मीकि जी नर के रूप में नारायण थे।

## शिवनगरी में कार्तिक मास में मंदिरों में बढ़ी भीड़

**बाजार व गली-गली में प्रभात फेरी निकाल कर धर्म का प्रचार-प्रसार किया जा रहा**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** शिवनगरी में कार्तिक मास की शुरूआत होते ही स्थानीय ऐतिहासिक व धार्मिकस्थल गर्मचश्मा श्री शिवकुंड पर स्नान करने आने वाले स्नानार्थियों और पूचा अर्चना करने आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ कई गुणा ज्यादा बढ़ गई है।

कार्तिक मास के पहले दिन रविवार को भोर सवेरे सनातन धर्म से जुड़ी महिलाओं ने शहर में प्रभातफेरी निकाली। प्रभातफेरी गर्मचश्मा श्री शिवकुंड, ठाकुरवाड़ा, पठानवाड़ा, लोहियावाड़ा, पुराना बस स्टैंड, गुरूद्वारा, फौहारा चौक, नगरपरिषद रोड, शिव चौक, जियाराम चौक, लेबर चौक, महाराजा अग्रसेन मार्ग से होते हुए वापस श्री सनातन धर्म राम मंदिर स्थल पहुंची।

इस मौके पर महिलाओं ने बताया कि आज से कार्तिक महीने की शुरूआत हुई है, वह रोजाना ही ढोलक, चिमटा, हारमोनियम के साथ भजन, कीर्तन करते हुए बाजार और गली-गली में प्रभात फेरी निकाल कर धर्म का प्रचार-प्रसार कर रही है। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा राममंदिर के पुजारी हेमंत वशिष्ठ, जिला योजना बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष तथा नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, श्री सनातन धर्म सभा राममंदिर के प्रधान लवली जुनेजा, युवा समाजसेवी विनीत रतड़ा, मुकेश राजपाल, मोहित बजाज, मोहित खटटर, विपिन मल्होत्रा, नवीन जुनेजा, वेदप्रकाश धवन, हेमंत नंदा, पिंटू, उमेश जुनेजा कोकी, उमेश वर्मानी, चंद्रभान रतड़ा, डाक्टर नरेश पाहुजा समेत विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि कार्तिक माह में प्रत्येक प्राणी को भोर सवेरे जल्द उठकर शौच आदि से निवृत होने के बाद स्नान कर प्रभु भक्ति करनी चाहिए और अच्छे संस्कार ग्रहण करने चाहिए।

## नौ साल में जनता बेहाल, भाजपा नेता मालामाल : बेदी



उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहन। सोहना-तावडू विधानसभा से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रहे रोहताश बेदी ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार जुमलों के दम पर व जाति-धर्म का जहर घोलकर बनाई गई सरकार है।

उन्होंने कहा कि आज जनता के लिए जहर पीने से कम नही है। पिछले 9 साल से हरियाणा व देश में भाजपा की सरकार है। जिस उम्मीद व एक उमंग के साथ देश व प्रदेश की जनता ने सरकार बनाने का काम किया, उसके विपरीत भाजपा आमजन के साथ कुठाराघात करते हुए जनता को खून के आंसू रुलाने का काम कर रही है। बेदी के अनुसार आज हर वर्ग भाजपा सरकार से परेशान है। कुछ चंद लोग हरियाणा प्रदेश को लूटने का काम कर रहे हैं। वहीं गरीब और गरीब होता जा रहा है। वही भाजपा व जजपा के नेता चांदी कूट रहे हैं, हरियाणा सरकार जनता की सेवा करने में विफल रही, लाखों लोगों को रोजगार का सपना दिखाने वाली भाजपा-जजपा सरकार ने लोगों का रोजगार छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आए दिन किसी ना किसी वर्ग पर अत्याचार की खबर आती रहती हैं, चाहे किसानों की बात हो या युवाओं के हित की बात हो हर जगह सरकार विफल रही है। अब बात अपनी लोकसभा की करें तो हरियाणा सरकार ने गुड़गांव लोकसभा को सोमनाथ के मंदिर की तरह लूटने का काम किया है।

## दिवाली से पहले ही मुख्यमंत्री ने दिया वाल्मीकि समाज को तोहफा : तंवर

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई घोषणाओं पर खुशी जताई गइ**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो में एमिनेट पर्सन योगेश तंवर, भाजपा नेता चौधरी सहीराम तंवर, जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के वाल्मीकि समाज को कई सौगात देने पर खुशी जाहिर की है

उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंचकूला में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर समस्त अनुसूचित जाति समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शहरी सफाई कर्मचारियों का माहवार मानदेया 16 हजार से बढ़ाकर 17 हजार रुपए किया है।

साथ ही सीएम ने ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों का मानदेय 14 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपए माहवार किए जाने तथा सफाई कार्यों में प्रयुक्त होने वाले कस्सी, तसला व अन्य औजारों के लिए 2 हजार रुपए सालाना कर दिया। उन्होंने कहा कि जाने, धुलाई भत्ता एक हजार रुपए किए जाने और ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों की संख्या 2 और बढ़ाए जाने व समस्त अनुसूचित जाति समाज के क्लास वन व टू के अधिकारियों में आरक्षण का लाभ दिए जाने, शिक्षा विभाग में उपनिदेशक पद पर अनुसूचित जाति के पात्र को पदोन्नति देने तथा पीपली के ट्रांसपोर्ट नगर में 3 एकड़ भूमि में गुरू रविदास की हरियाणा शहरी विकास द्वारा 20 करोड़ रुपए की लागत से 25 फुट ऊंची प्रतिमा लगाए जाने के दिए गए ऐलान का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उपरोक्त ऐलान कर वाल्मीकि समाज का दिल जीतने का काम किया है।

त्योहार | इस बार मांग में 20 से 30 गुना तक की हुई वृद्धि

## दीयों की मांग बढ़ी,कुम्हारों में दौड़ी खुशी की लहर

**लोग परम्परा को निभाने के लिए मात्र 5 या 11 दीए खरीदते थे, इस बार 200 से 300 दीए खरीद रहे हैं**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** इस बार की दिवाली कुम्हारों के लिए खुशी का पैगाम लेकर आई है क्योंकि देश में चीन निर्मित वस्तुओं के बहिष्कार और चाइनीज दीए व लड़ियों के बहिष्कार से मिट्टी निर्मित दीयों की मांग एकाएक कई गुणा बढ़ गई है।

दीए बनाने का काम करने वाले रोहताश प्रजापत, विक्की प्रजापत, ग्यासीराम प्रजापत, पूरण प्रजापत आदि ने बताया कि बीते साल दीवाली पर खरीददारों का चाइनीज दीयों और लड़ियों के प्रति लगाव और खरीददारी पर जोर रहा लेकिन इस बार चाइनीज वस्तुओं के बहिष्कार से दीयों की मांग दिवाली से पहले ही एकदम 30 से 35 प्रतिशत बढ़ने से वह बहुत खुश हैं। बीते साल का जमा स्टाक निकालने के बाद अब पूरा-पूरा दिन दीए बनाने में लगे है। जो लोग पहले प्राचीनकाल से चली आ रही मिट्टी के दीए जलाने वाली परम्परा को निभाने के लिए मात्र 5 या 11 दीए खरीदते थे, वह भी इस बार 200 से 300 दीए खरीद कर ले जा रहे हैं।

बताया कि सबसे बड़ी खुशी की बात ये है कि नरेन्द्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री है, जिन्होंने देशवासियों से मिट्टी के दीए जलाने का आग्रह किया है। देखने में आ रहा है कि मिट्टी निर्मित सादा दीया मंदा है जबकि रंगीन दीए महंगे हैं। कुम्हारों का कहना है कि यदि दीयों की मांग इसी तरह बढ़ती रही तो उनके लिए सारा आर्डर वक्त पर पूरे करना असंभव और चुनौती बन सकता है।



दीए बनाने के कार्य में जुटे कुम्हारों का कहना है कि बीते वर्ष के अनुपात में इस बार दीयों की मांग 20 से तीस गुणा ज्यादा बढ़ी है। दीए बनाने के लिए उन्होने झज्जर से मिट्टी मंगवाई है। किराया और मिटटी के भाव इस बार ज्यादा ऊंचाई पर है। इस वजह से थोक में बेचे जाने वाले दीयों में भी महंगाई थोड़ी-बहुत नजर आएगी। इस बार दिवाली हर किसी के घर को रोशन करेगी। इस बार दिवाली को लेकर हर कोई अभी से उत्साह से भरा नजर आ रहा है।

सोहना और मेवात के बने दीए ग्लोबल सिटी के साथ-साथ दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अभी से धूम मचा रहे है। चिकनी मिटटी से बने यह दीए इस बार चाइनीज दीयों पर भारी पड़ते दिख रहे है क्योंकि चाइनीज लाइटों की जगह बाजार में इस बार अभी से दीयों की मांग ज्यादा नजर आ रही है। लोकल फोर वोकल के तहत मिट्टी से बने तरह-तरह के आइटम बाजार में देखने को मिल रहे है।









## खबर फटाफट

### नायब सिंह सैनी को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर सैनी समाज में खुशी की लहर



**गुरुग्राम।** कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी को हाल ही में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर जहां गुरुग्राम व मेवात जिलों के सैनी समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है, वहां युवा सैनी विकास समिति के प्रधान कृष्णा गोपाला सैनी, महासचिव राकेश सैनी, प्रैस सचिव विजय सैनी, संरक्षक चंद्रपाल सैनी, महावीर सैनी, डा. मुकेश, रोहताश सैनी आदि लोगों ने नए अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। समाज से जुड़े कर्मठ लोगों ने रविवार को कहा कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा दिन दोगुनी व रात चौगुनी उन्नति करेगी और प्रदेश में भाजपा सुदृढ होगी। इने मंत्रिपद कार्यकाल में भी प्रदेश में काफी विकास कार्य हुए थे। भाजपा हाईकमान के इस फैसले से ओबीसी समाज को बहुत ज्यादा बल मिलेगा। प्रधान कृष्णा गोपाल सैनी व प्रैस सचिव विजय सैनी के अनुसार नायब सिंह सैनी का गुरुग्राम में एक कार्यक्रम रखकर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इस संदर्भ में आज एक मीटिंग भी आयोजित की गई। इस अवसर पर ओपी धनखड़ को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी गई।

### आज से कार्तिक मास शुरू

**गुरुग्राम।** रविवार से कार्तिक मास शुरु हो गया है। कार्तिक मास को अत्यंत पवित्र व पुण्यदायक माह माना गया है। धार्मिक ग्रंथों में कहा गया है कि जो कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में अन्न का दान करता है, वह दुर्गम संकट से पार हो जाता है और मर कर अक्षय सुख का भागी होता है। स्कंदपुराण में भी उल्लेख है कि कार्तिक के समान दूसरा कोई मास नहीं, सतयुगके समान कोई युग नहीं, वेद के समान कोई शास्त्र नहीं और गंगाजीके समान कोई तीर्थ नहीं है। श्रद्धालु पूरे कार्तिक मास पवित्र नदियों में स्नान कर ईश स्तुति करते हैं। जहां नदियां नहीं हैं, वहां ठंडे जल से ही श्रद्धालु पूरे माह स्नान करते हैं। जिसकी व्यवस्था श्रद्धालुओं ने कर ली है।

### महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित महाकाव्य रामायण आज भी है प्रसांगिक

**गुरुग्राम।** महाकाव्य रामायण युगों-युगों तक हिंदू धर्म के एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक ग्रंथ के तौर पर पढ़ा जाएगा। रामायण लिखने का श्रेय एक ऐसे ऋषि को जाता है, जो नारद मुनि के साथ हुई मुलाकात के बाद उनका ह्रदय परिवर्तित हो गया था और उन्होंने सत्कर्म का मार्ग अपना लिया था। उन्होंने ब्रह्मा जी का कठोर तप कर अपने कार्यों का पश्चाताप भी किया था, जिस पर



ब्रह्माजी ने उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें वाल्मीकि का नाम दिया था। उन्होंने ही महाकाव्य रामायण की रचना की थी, जो आज भी प्रसांगिक है। उक्त उद्गार भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी सुमेर सिंह तंवर ने वाल्मीकि जयंती पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब प्रभु श्रीराम ने माता सीता को त्याग दिया था, तब वह ऋषि वाल्मीकि के आश्रम में रहने लगी थीं, जहां उन्होंने अपने दोनों पुत्र लव और कुश को जन्म दिया था। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि को रत्नाकर के नाम से भी जाना जाता है। रत्नाकर को जब अपने कार्यों का आभास हुआ तो उन्होंने नया पथ अपनाने का फैसला लिया। ऐसी मान्यता है कि रत्नाकर ने लंबे समय तक राम नाम का जप किया, हालांकि कुछ समय के बाद राम शब्द मरा हो गया। मरा शब्द को कई सालों तक जपने के कारण वाल्मीकि का शरीर दुबला हो गया और उस पर चीटियां भी लग गई, लेकिन अपनी कठोर साधना से वाल्मीकि ने ब्रह्मा को प्रसन्न किया, जिसके परिणाम स्वरूप ब्रह्मा ने उन्हें ज्ञान दिया और रामायण लिखने का सामर्थ्य दिया तथा उन्होंने रामायण की रचना भी की, जो एक पवित्र धार्मिक ग्रंथ है और आज भी प्रसांगिक है। आमजन को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

### महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचनाकर विश्व को भारत की संस्कृति से कराया अवगत



**गुरुग्राम।** जिले के गांव झाड़सा में वाल्मीकि जयंती धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर मनाई गई और विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का क्षेत्रवासियों ने बड़ी ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। किसान नेता चौधरी संतोख सिंह ने कहा कि महर्षि वाल्मीकी ने महान ग्रंथ महाकाव्य रामायण की रचना करके भारत की गौरवशाली संस्कृति की पहचान पूरी दुनिया को कराई। श्री महर्षि वाल्मीकी सेवा समिति व समस्त वाल्मिकी समाज गांव झाड़सा ने संतोख सिंह को पगड़ी पहनाकर तथा महर्षि वाल्मीकी का चित्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। शोभायात्रा सीता वाल्मीकि मंदिर झाड़सा से आरंभ होकर किलहोड पट्टी, कुंभइया पट्टी, पंछ्या पट्टी, चोपड़ा पट्टी होते हुए सीता वाल्मीकि मंदिर पर पहुँचीं। इस अवसर पर अशोक टांक, विक्रम टांक, विजय सिंह व समिति के प्रधान के हरि किशन, उपप्रधान सुरेश कुमार, अमृत सिंह, सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष विजय सिंह टांक, मान सिंह आदि मौजूद रहे।

# कलयुग में संगठन ही शक्ति का आधार : प्रताप सिंह

- गुरुग्राम में आयोजित विजय दशमी उत्सव व आरएसएस स्थापना दिवस मनाया

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा प्रान्त कार्यवाह प्रताप सिंह का कहना कि भारत दुनियां की श्रेष्ठ संस्कृति वाला देश है। भारत की सनातन अवधारणाएं ही विश्व को शान्ति के मार्ग पर ले जा सकती है। वे आरएसएस गुरुग्राम भाग द्वारा आयोजित विजय दशमी उत्सव व आरएसएस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने शहर में पथ संचलन भी किया। जिसमें 825 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आरएसएस प्रान्त संघ चालक पवन जिंदल, महानगर संघचालक जगदीश ग्रोवर व भाग संघ चालक वेद प्रकाश मंगल विशेषतौर पर उपस्तिथ रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने पर्यवरण, गौ संवर्धसन, धार्मिक मान्यताओं व नागरिक कर्तव्य निर्वहन करने पर भी बल दिया । उन्होंने कहा की कुछ समाज विरोधी शक्तियां गलत विमर्श के आधार समाज तौ ने का कुप्रयास कर रही है। भारत की पारिवारिक मान्यताओं को विकृत कर रही हैं। हम सामाजिक मान्यताओं से नहीं जो हमारे मन में आएगा वही करेंगे, भारत एक नहीं बल्कि विभिन्न समूहों से बना देश है ऐसे विमर्श खड़े किए जा रहे हैं। जबकि भारत चारों दिशाओं से एक है। भारत एक राष्ट्र है, भारत हिन्दू राष्ट्र है और भारत प्राचीन राष्ट्र है। भारत में चारों दिशाओं में चार मठ, 12 ज्योतिर्लिंग व 52 शक्ति पीठ की स्थापना हमारी एकता का परिचायक है। गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा बनाए गए पंच प्यारे भी अलग अलग दिशाओं से थे। इसलिए भारत चहुंओर से एक है। गलत विमर्श के इस दौर में हमारी जिम्मेदार भी बढ़ जाती है। ऐसे नैरेटिव को समाप्त करना होगा। हमे शाखाओं को मजबूत करना होगा। समाज के प्रत्येक वर्ग को जो कर बे ते हुए भारत में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

## प्रान्त कार्यवाह बोले, भारत दुनिया की श्रेष्ठ संस्कृति वाला देश है







### देश को एकता के सूत्र में बांधना ही संघ का बीज मंत्र

आरएसएस प्रान्त कार्यवाह प्रताप सिंह ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विजय दशमी उत्सव संघ के छः उत्सवों में से एक है। यह उत्सव इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि इस दिन डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी ने 1925 में आरएसएस की स्थापना थी। आज का दिन शिवाजी महाराज, पांडवों की शक्ति के प्रगटीकरण का दिन भी है। उनके अनुसार विजयदशमी उत्सव हम मां दुर्गा की नो दिन की उपासना के उपरांत मनाते है। भक्ति के साथ शक्ति की उपासना भारत की सनातन परंपरा रही है। शक्तिहीन समाज न केवल अपनी बल्कि अपनी मान्यताओं , परम्पराओं की भी रक्षा नहीं कर सकता। उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि क्षमा भी उसी को शोभती है जिसके पास शक्ति होती है। उनके अनुसार सतयुग में सत्य और तप में शक्ति होती थी, त्रेता में मन्त्रों से शक्ति प्राप्त होती रही, द्वापर युग में युद्ध में जबकि कलयुग में संघठन ही शक्ति का मूलाधार है। इसलिए समरस समाज की स्थापना करते हुए सम्पूर्ण हिन्दू समाज को एकता के सूत्र में बांधना ही संघ का बीज मंत्र है।

# प्रेम और विश्वास का प्रतीक है करवाचौथ

## बाजारों में श्रृंगार का सामान खरीदने वाली महिलाओं की लगी है भीड़

### बढ़ती महंगाई भी महिलाओं की धार्मिक आस्था पर नहीं डाल पा रही है कोई प्रभाव

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



गुरुग्राम। भारत पर्वो का देश माना जाता है। जितने पर्व, त्यौहार व धार्मिक आयोजन भारत देश में होते हैं, उतने विश्व के किसी भी देश में नहीं होते। अक्तूबर नवम्बर माह त्यौहारों का माह माना जाता है। विजय दशमी पर्व के बाद करवाचौथ, अहोई अष्टमी, धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन, भाईदूज व छठ पर्व भी इसी दौराना पड़ते हैं। करवाचौथ पर सुहागिनें अपने सुहाग की दीर्घायु के लिए व्रत रखती हैं। यह पर्व एक नवम्बर को मनाया जाएगा। इस पर्व को प्रेम और विश्वास का पर्व माना जाता है। भारतीय विवाहित महिलाओं के लिए एक चुटकी सिंदूर का बड़ा ही महत्व है। महिलाओं के लिए श्रृंगार का विशेष महत्व है।

जहां वे पारंपरिक रुप से सजती संवरती हैं, वहीं विवाह के समय ओढ़ी गई चुनरी भी ओढ़ती हैं। इस व्रत के अंतर्गत शिव, पार्वती, गणेश और चंद्रमा का पूजन किया जाता है। इस व्रत का आरंभ चतुर्थी वाले दिन सरगी से होता है। सरगी से तात्पर्य उस उपहार से है जो इस दिन सास अपनी बहू को वस्त्र, आभूषण, मिठाई आदि देती है। ऐसी मान्यता है कि इस सरगी से बेटे और उसकी पत्नी के सौभाग्य में वृद्धि होती है। महिलाएं सरगी के रुप में मिली मिठाई और अन्य भोज्य पदार्थों को दिन निकलने से पहले ही खा लेती हैं और इसके बाद पूरा दिन निर्जला रहते हुए रात्रि को चंद्रमा के दर्शन के बाद अपना व्रत खोलती हैं। व्रत वाले दिन महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी रचाती हैं और पूरा साज-श्रृंगार कर सायं को पार्क अथवा किसी खुले स्थान पर पूजा के लिए एकत्रित होती हैं। करवाचौथ की कथा सुनने के बाद बहू अपनी सास के पांव छूकर उनसे आशीर्वाद लेती हैं और उन्हें करवा सहित उपहार व मिठाईयां भी भेंट करती हैं। रात्रि में चंद्रमा निकलते ही छलनी के माध्यम से अपने पति का मुख देखकर चंद्रमा को अर्ध्य देती हैं और पति के हाथों पानी पीकर व्रत का समापन करती हैं।

### मिट्टी के बने करवा का है विशेष महत्व

पूजन सामग्री में मिट्टी के बने करवा का विशेष महत्व है, लेकिन आधुनिकता के इस दौर और बदलते परिवेश में पूजन सामग्री भी काफी हद तक बदल गई है। कुमकुम, शहद, अगरबत्ती, फूल, कच्चा दूध, शक्कर, शुद्ध घी, दही, मिठाई, गंगाजल, चंदन, चावल, महावर, कंघा, बिंदी, चूड़ी, बिछुवा, दीपक, कपूर, गेहूं, हल्दी आदि की जरुरत भी पूजन सामग्री में पड़ती है।

### बाजारों में महिलाओं की लगी है भीड़

सौंदर्य सामग्री खरीदने के लिए महिलाओं का शहर के मुख्य सदर बाजार सहित एमजी रोड स्थित मॉल्स में तांता लगा हुआ है। महिलाएं खरीददारी करने पहुंच ही रही हैं।

### सौंदर्य सामग्री की दरों में हुई वृद्धि

सौंदर्य सामग्री की दरें गत वर्ष की अपेक्षा बढ़ी हैं, लेकिन महंगाई का असर महिलाओं की धार्मिक आस्था वाले करवाचौथ पर्व पर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। महिलाएं जमकर खरीददारी कर रही हैं।

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक भास्कर के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री ने परिजनों को दी सांत्वना



स्व. अशोक भास्कर के परिजनों को सांत्वना देते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। पिछले 10 वर्षों से गुरुग्राम कांग्रेस कार्यालय प्रभारी रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक भास्कर का आकस्मिक निधन हो गया। रविवार को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक प्रकट किया एवं परिजनों के साथ सांत्वना व्यक्त की। इस मौके पर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज डावर, कुलराज कटारिया, सूबे सिंह यादव, सुनीता वर्मा पटौदी, भारत मदान, मनोज आहूजा आदि मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री चौ भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अशोक भास्कर के आकस्मिक निधन से वह स्तब्ध है। अचानक उनके निधन से उनकी कमी सदैव ही रहेगी। उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात की और भविष्य में परिवार के साथ हर समय साथ खड़े रहने की बात की।

## दांतों के प्रति स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का किया आयोजन

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम।गुरुग्राम। सामाजिक संस्था आइडियल सीनियर सिटीजन फेडरेशन द्वारा कैनविन



फाउण्डेशन के सहयोग से सैक्टर 7 स्थित आर्य विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दांतों के प्रति स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। फेडरेशन के प्रधान पीएन मोंगिया व उप प्रधान सुभाष दुरेजा ने बताया कि इस शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में पढने् वाले सभी छात्र-छात्राओं के दांतों की सफाई एवं सुरक्षा के बारे में जांच करना तथा दांतों के प्रति छात्रों को सही जानकारी देना है। शिविर में डा. रीमा खरबंदा, डॉ गुरमीत, डा. अंकिता ने 200 से अधिक छात्र-छात्राओं के दांतों की जांच कर उन्हें दांतों के सही रखरखाव तथा सही खान-पान के बारे में विस्तार से अवगत कराया। डाइटिशियन डा. गीतिका ने भी बच्चों को सही समय पर संतुलित खान-पान के बारे में सभी जानकारियां विस्तार से बताई। सुभाष दुरेजा व पूनम दुरेजा ने छात्रों को अल्पाहार वितरित किया। आयोजन को सफल बनाने में सुरेंद्र अदलखा, पंकज कालरा, उर्वशी वधवा, चंद्रकांता आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर नरवीर लाल चौधरी, खुशपाल रोहिल्ला, एनडी मदान आदि मौजूद रहे।

## डोमेन स्किल ट्रेनर परीक्षा का हुआ समापन

**गुरुग्राम।** रुडसेट संस्थान में आयोजित डोमेन स्किल ट्रेनर परीक्षा का समापन हो गया। इस मौके पर आरएसईटीआई के राज्य निदेशक पीके गंभीर, उप नियंत्रक अमोल कुमार व राज्य नियंत्रक शैलेंद्र चौहान मौजूद रहे। संस्थान के निदेशक निर्मल कुमार यादव ने बताया कि राजेश रंजन ने उद्यमिता को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने में डोमेन कौशल प्रशिक्षकों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान डोमेन कौशल प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। नेशनल एकेडमी ऑफ़ रुडसेटी डोमेन कौशल प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने और विकसित करने के उनके प्रयासों में संस्थानों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीके गंभीर ने कहा कि डोमेन स्किल ट्रेनर परीक्षा एक कठोर परीक्षा है जो उम्मीदवारों के संबंधित डोमेन में कौशल और ज्ञान का आकलन करेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा यह सुनिश्चित करने में मदद करेगी कि केवल योग्य और सक्षम प्रशिक्षकों को ही डीएसटी के रूप में प्रमाणित किया जाए।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया है सैनिकों व शहीदों का सम्मान

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**





गुरुग्राम। मेरी माटी-मेरा देश के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत गुरुग्राम जिला के सभी गांवों व नगर निगम, परिषद व पालिका के सभी वार्डों से एकत्रित मिट्टी के 9 कलश रविवार को दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए रवाना किए गए। जिला के प्रत्येक खण्ड, नगर निगम, परिषद व पालिका से एक-एक प्रतिनिधि तथा नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर इन कलशों को लेकर राष्ट्रीय कार्यक्रम में जिला की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गुरुग्राम जिला से 9 लोगों की टीम जिसमें 5 जनप्रतिनिधि नगर निकाय से और 4 जनप्रतिनिधि पंचायती राज से कलश लेकर रवाना हुए। गुरुग्राम के अलावा अन्य क्षेत्रों से कलश लेकर आने वाले यात्री रविवार की रात को गुरुग्राम-दिल्ली सरहौल बॉर्डर स्थित धनचिरी कैंप में रात्रि ठहराव करेंगे। सुबह उनकी दिल्ली के लिए रवानगी होगी। गुरुग्राम जिला से कलश लेकर शामिल होने वालों में जनप्रतिनिधि निवर्तमान पार्षद कुलदीप बोहरा, मानेसर नगर निगम से सुन्दर लाल यादव निर्वतमान सरपंच सिकन्दर पुर (बढ़ा), नगर परिषद सोहना से नितिन यादव, नगर परिषद पाटोदी मंडी से शुभम, फरूखनगर नगर पालिका से उमेश पाल, पाटोदी ब्लॉक से अजीत सिंह सरपंच, गुरुग्राम ब्लॉक से अशोक यादव, प्रतिनिधि सरपंच बाघनकी सोहना ब्लॉक से यशपाल, फरूखनगर ब्लॉक से सुधीर कुमार चेयरमैन शामिल हैं। इन्हें सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी हॉल परिसर से सीटीएम दर्शन यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर निगम मानेसर के एसडीओ विकास शर्मा भी मौजूद रहे। सरपंच सुंदर लाल यादव ने बताया कि मानेसर नगर निगम के गांव सिकन्दरपुर (बढ़ा), गांव नखड़ोला, गांव नवादा, गांव मानेसर, गांव ढाणा, गांव रामपुरा से 12 जवान शहीद हुए थे।

**कार्यक्रम** न्यायविदों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

# आध्यात्मिकता के बिना सामाजिक परिवर्तन नहीं : न्यायाधीश

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**





गुरुग्राम। बिना आध्यात्मिकता के समाज का परिवर्तन सम्भव नहीं है। न्याय प्रक्रिया में सुधार और पारदर्शिता बहुत जरुरी है। आध्यात्मिकता के द्वारा ही सद्भावना पैदा होती है। बिना शांति के हम कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकते। एक अशांत व्यक्ति दूसरों को भी अशांत ही करेगा। उक्त विचार पूर्व न्यायाधीश एके पटनायक ने ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर के न्याय विद प्रभाग द्वारा न्यायविदों के लिए आयोजित 3 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि एक आध्यात्मिक व्यक्ति स्वयं को ही नहीं बल्कि समाज को भी प्रभावित करता है। मन की स्थिरता का आधार आध्यात्मिकता है। संस्था की बीके पुष्पा ने कहा कि आध्यात्मिकता की सबसे बड़ी शक्ति सत्यता है। सत्यता के द्वारा ही हम सही निर्णय कर सकते हैं। आध्यात्मिकता हमारी चेतना को जगाती है। और चेतना की आवाज हमेशा श्रेष्ठ कार्य करने की प्रेरणा देती है। आध्यात्मिकता ही मानव जीवन में संयम लाती है। जिससे मन का भटकाव खत्म हो जाता है। वरिष्ठ अधिवक्ता सुकुमार पट्टाजोशी ने कहा कि न्याय में समानता का भाव जरूरी है, जो आध्यात्मिक परिवेश से ही आता है। सकारात्मक परिवर्तन के लिए राजयोग का अभ्यास आवश्यक है। अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि बिना आध्यात्मिकता के सही न्याय मिल ही नहीं सकता। आध्यात्मिकता वास्तव में अभ्यास का विषय है। कार्यक्रम को सुकांता कुमार नंदा, बीके नथमल, रूप किशोर राठी, बीके लता, बीके चांद, बीके राजेंद्र, बीके प्रदीप, बीके विजय आदि ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में न्यायविद् व कानूनविद् शामिल हुए।

## कृत्रिम अंगों व सहायक उपकरणों के लिए कराएं पंजीकरण

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल एवं उपायुक्त डा. निशांत कुमार यादव व जिला अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा के दिशा-निर्देशन में दिव्यांगो व वरिष्ठ नागरिकों के लिए कृत्रिम अंगों एवं सहायक उपकरणों के लिए 2 नवंबर, बुधवार से पंजीकरण व परीक्षण कार्य शुरू हो रहा है, ये पंजीकरण का काम आगामी 4 नवंबर तक होगा। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि ये शिविर आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड के सीएसआर योजना के सहयोग से लगाया जा रहा है जो कि जिला में पहला शिविर 2 नवंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (बाल) पटौदी, 3 नवंबर को बाल भारती विद्या मंदिर, देवी मंदिर फव्वारा चौक, सोहना गुरुग्राम तथा 4 नवंबर को रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम परिसर, चन्दन नगर में लगाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण लेने के लिए सभी दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिक अपने जरूरी कागजात पंजीकरण के लिए लेकर आएं, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो।सचिव के मुताबिक किसी भी श्रेणी के दिव्यांग पंजीकरण करा सकते हैं। दिव्यांगों को व्हील चेयर, कान की मशीन, तिपहिया साइकिल, बैसाखी आदि उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी सदा ही समाजहित में कार्यरत रहती है। वरिष्ठ नागरिक अपनी उम्र का प्रमाण 60 साल, आय प्रमाण (15 हजार प्रति माह से कम हो), या बीपीएल श्रेणी का हो, 3 पासपोर्ट साइज फोटो भी पंजीकरण के लिए रेडक्रॉस कार्यालय में साथ लेकर आएं। दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूआईडी कार्ड आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र और 4 पासपोर्ट साइज के फोटो व सभी ओरिजनल कागज के साथ उनकी फोटो कॉपी भी अवश्य लाएं।

# 1500 करोड़ के लाभ में चल रहा बिजली विभाग : रणजीत

## बिजली मंत्री ने किया कामधेनु आरोग्य वेलनेस संस्थान में हाइड्रोपोनिक्स फाडर प्लांट का उद्घाटन

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**





तावडू । उपमंडल के गांव बिस्सर अकबरपुर में स्थित कामधेनु आरोग्य वेलनेस संस्थान में हाइड्रोपोनिक्स फाडर प्लांट का उद्घाटन करने के लिए रविवार को प्रदेश के बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह पहुंचे। उन्होनें कहा कि पिछले कुछ महीनों में बिजली का लाइन लॉस 2 प्रतिशत कम हुआ है तथा मौजूदा समय में बिजली विभाग लगभग 1500 करोड़ के लाभ में है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश की गौशालाओं के लिए 2 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करवा रही है। प्रदेश की जनता को निर्बाध व सस्ती बिजली उपलब्ध करवाना ही प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने इस अवसर पर कामधेनु आयुर्वेदिक वेलनेस संस्थान व गौशाला का अवलोकन किया और कामधेनु गाय को हरा चारा और गुड़ भी खिलाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गौशालाओं के लिए प्रदेश में कई नीतियां बनाई हैं। हरियाणा में गौ सेवा आयोग बनाया और गऊ संरक्षण के लिए नए कानून बनाए। गौशालाओं को चारे आदि का प्रबंध करने के लिए सरकार की ओर से आर्थिक रूप से मदद दी जा रही है। कामधेनु आरोग्य वेलनेस संस्थान के संस्थापक डॉ एसपी गुप्ता ने बिजली मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि हाइड्रोपोनिक्स फाडर प्लांट में गायों के लिए अंकुरित अनाज के रूप में चारा बनाया जाता है, जिसे गाय का दूध शुद्ध और ताकतवर बनता है तथा यह गाय के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। हाइड्रोपोनिक्स फाडर प्लांट में बने अंकुरित चारे से गायों में फाइबर और प्रोटीन की कमी को पूरा किया जाता है। उन्होंने गौशाला की वार्षिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी संजीव कुमार, हरि मंदिर आश्रम पटौदी के अधिष्ठाता स्वामी धर्मदेव महाराज, धर्म योग फाउंडेशन के संस्थापक स्वामी योग भूषण, बिस्सर गांव के सरपंच राजवीर शर्मा, पूर्व डीजीपी यशपाल सिंघल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

फोटो कैप्सन- 29 अक्टूबर तावडू 1 से 3- तावडू में मंच पर आसीन मुख्यअतिथी व उद्घाटन करते हुए तथा गाय को चारा खिलाते हुए।

## खबर फटाफट

### ब्राह्मण सभा की बैठक में स्वास्थ्य जांच शिविर व सामूहिक विवाह समारोह पर की चर्चा



**रेवाड़ी।** ब्राह्मण सभा जिला रेवाड़ी के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी व कोलोजियम सदस्यो की बैठक ब्रह्मगढ़ परिसर में सभा प्रधान चंद्रशेखर गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभा प्रधान चंद्रशेखर गौतम ने सभा के विस्तारीकरण और समाजहित में विभिन्न कार्य योजना को लागू करने में सभी के द्वारा सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभा की ओर से एक विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने पर तैयारी जारी है। उन्होंने समाज के जरूरतमंद युवाओं को शिक्षा ग्रहण में सहयोग करने के बारे में विस्तार से बताया। सभा द्वारा सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करने का कार्यक्रम आगामी समय में रखा जाना है। बैठक में महासचिव हेमंत भारद्वाज ने सभा की प्रगति रिपोर्ट पढे र सभी को बताई और आगामी योजनाओं के बारे में बताया। कोषाध्यक्ष खुशहाल शर्मा ने सभा के आय-व्यय व ऑडिट रिपोर्ट के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कोलाजियम सदस्य कानूनी सलाहकार राजेन्द्र प्रसाद मुदगिल ने समाज के सभी कोलाजियम सदस्यों के बैठक में उपस्थित रहकर अपने विचार रखकर समाज की एकता के लिए विचार विमर्श करने का आह्वान किया। उपप्रधान दीपक मुदगिल, डीपी शर्मा, सुरेश बोलनी, महिला प्रधान सरोज भारद्वाज, अनिल दत शर्मा, कृष्ण कौशिक, टेक चंद, हिमान्शु पालीवाल, प्रेम कौशिक, दलीप शास्त्री, राकेश शर्मा, महेंद्र तिवारी ने भी विचार रखे। मंच संचालन राकेश वत्स ने किया। इस मौके पर राजेश शर्मा, भूपेंद्र भारद्वाज, जितेंद्र तिवाड़ी, रमेश वशिष्ठ, जयकुमार कौशिक, विनोद साल्हावास, लक्ष्मण स्वरुप, लक्ष्मी देवी, कृष्णा देवी, सतीश भारद्वाज, मोहित भारद्वाज, प्रदीप शर्मा, गोपाल तिवारी, मोहन तिवारी, नरेश स्वामी समेत काफी संख्या में समाजबंधू मौजूद थे।

### गुर्जरवास टोल हटाने के लिए प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने सीएम का जताया आभार

**रेवाड़ी।** जिले के गांव गुर्जरवास में स्थापित किए गए पीडब्ल्यूडी क टोल नाका को हटाए जाने पर हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल यादव ने बताया कि इस टोल पर सभी कमर्शियल वाहनों के साथ-साथ निजी विद्यालयों की बसें भी इस मार से प्रभावित रही। क्षेत्र की जनता को भी इस टोल के कारण आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। एसोसिएशन ने गत वर्ष 5 व 6 दिसंबर को इस टोल नाके पर टोल वसूली को लेकर विरोध किया। मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कोसली को ज्ञापन सौपा और 2 दिन का सांकेतिक धरना भी दिया था। एसोशिएशन के संरक्षक जवाहर लाल दूहन ने भी इस संदर्भ में अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दर्ज करते हुए इसके तुरंत हटाने की बात कही थी। अब मुख्यमंत्री द्वारा एक नवंबर से इस टोल को समाप्त करने की घोषणा करने के लिए एसोसिएशन ने सीएम मनोहरलाल का आभार जताया है।

### सांड चोरी करने का मामला दर्ज

**तावडू ।** उपमंडल के गांव कोटा खंडेवला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को उनके गांव के एक सांड को चोरी करने का आरोप 1 नामजद व अन्य के खिलाफ लगाया है। पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव कोटा खंडेवला निवासी प्रदीप पहलवान ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत 27 अक्टूबर को प्रात- 3 बजे के लगभग बाबा जहारवीर मंदिर के सामने पिकअप गाडी आई। जिसमें 5-6 आदमी सवार थे और उन्होंने मंदिर के सामने गांव के एक सांड को उठाकर अपने पिकअप में डालकर चोरी कर ले गए। गांव के गणमानय लोगों ने अपने तौर पर पता किया कि सांड को चोरी करने वाला नूंह के गांव बडवा निवासी मुबारिक व उसके साथी हैं। पुलिस ने प्रदीप की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

### स्मोक फ्री कानून उड़ रहा धुएं में

**तावडू।** स्मोक फ्री कानून मेवात में धुएं में उड़ रहा है कानून। जिले के ग्रामीण आंचल सहित शहरों में कही भी स्मोक फ्री कानून का असर देखने को नहीं मिलता। मेवात में कानून की पालना न होने का मुख्य कारण जिला प्रशासन की लापरवाही माना जा रहा है।

मेवात में जहां सार्वजनिक स्थानों पर बीड़ी-सिगरेट पी कर स्मोक फ्री कानून को धुएं में उडाया जा रहा है। वहीं 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को दुकानदार बिना रोक टोक के तम्बाकू बेच रहे है। मेवात की गैर सरकारी संस्थाओं के पदाधिकारी डॉक्टर आर पी शर्मा, डॉक्टर आर ए चौधरी, डॉक्टर एच आर गोगिया, डाक्टर विजय कुमार शर्मा आदि का कहना है कि इस कानून को सफल बनाने के लिए अधिकारियों कर्मचारियों को पहल करनी होगी। तभी जाकर यह कानून सिरे चढ सकता है।


### दीपावली पर्व को लेकर बाजारों में भीड़ जुटनी हुई आरंभ

**तावडू ।** शहर के बाजारों में दीपावली की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। रोशनी से घर को सजाने के लिए इस बार बिजली से चलने वाली रंग-बिरंगी लडि ां लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। वहीं दीपावली से पूर्व लोगों ने घरों की साफ-सफाई व रंग-रंगाई शुरू कर दी है। शहर के बाजारों में तरह-तरह के बिजली वाले दीप और रोशनी वाले सजावटी सामान से भरे हुए है। शहर के मुख्य बाजार, बावला चौक, पटौदी चौक व शहर के मुख्य मार्ग दीपावली को लेकर सजे हुए है। बाजारों में खरीददार भारी भीड में खड़े होकर इन सामानों की खरीददारी का लुत्फ उठा रहे है। नगर के मुख्य बाजार में रेडीमेट कपडों की दुकानों में भी खूब चहल-पहल देखने को मिल रही है। खरीददारों की तादात को देखते हुए यहां के दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने भी सामान लगा कर सजाया हुआ है। लडियों की स्टॉलों पर ज्यादातर लडि ां चाइना की है। खरीददारों की पसंद पूछने पर दुकानदार सुनील कुमार ने बताया कि अब लोग पांरपरिक तेल वाले दीयों और मोमबत्तियों से ज्यादा बिजली से जलने वाली लडियों को पसंद कर रहे है। इन लडियों से घरों को आसानी से सजाया जा सकता है और ये टिकाऊ भी होती है। पूजा स्थल को सजाने के लिए भी कई तरह के बिजली वाले दीये बाजार में उपलब्ध है। वहीं रेडिमेट कपडों के दुकानदार सुमीत डावर ने बताया कि इस बार दीपावली पर रेडिमेट कपडे खरीदने वाले ग्राहक बहुत कम आ रहे है।

# मेडिकल कॉलेज में वकील व डाक्टरों के बीच हुई मारपीट, पुलिस में पहुंचा मामला

## अधिवक्ता ने पुलिस में दी शिकायत, कहा : डॉक्टरों ने गार्डो से पिटवाया

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**



नूंह । मेवात का शहीद हसन खां मेवाती राजकीय मेडिकल कॉलेज नलहड(नूंह) आये दिन सुर्खियों में रहता है। कभी यहां दवाईयां और चिकित्सकों के अभाव के चलते आये दिन चिकित्सकों व मरीजों के परिजनों के बीच किसी ना किसी बात को लेकर झगडा होना आम हो गई हैं। ऐसा ही एक और मामला मेडिकल कॉलेज में देखने को मिला है जिसमें गांव मुरादबास, थाना सदर नूंह निवासी अधिवक्ता असलम पुत्र उसमान ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह अपनी नवजात सीरियस बच्ची को लेकर मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए गया था, लेकिन वहां पहुंचने पर चिकित्सक ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इतना ही नहीं जब उन्होंने डॉक्टर के बुरे बर्ताव का विरोध किया तो चिकित्सक ने वहां पर मौजूद गार्डो आदि से उन्हें पिटवाया गया। उन्होंने बताया कि वह बचने के लिए अपनी गाडी की तरफ गया तो उसको गाडी से खींचकर कमरे में ले जाकर उसके साथ मारपीट की गई। उन्होने नलहड पुलिस चौकी में शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया लेकिन घटना की पुष्टि की है।

इस बारे में पुलिस का कहना है कि शिकायत मिल गई है और आगे जांच की जा रही है। जबकि नलहड मेडिकल के चिकित्सक ने माना कि लोगों द्वारा चिकित्सकों पर हमला कर उनके साथ मारपीट की गई है जिसके लिए वह भी कानूनी कार्यवाही कर रहे हैं। आपको बता दें कि इससे पहले भी मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में कई बार झगड़ा फसाद होने के मामले सामने आए हैं।

लेकिन जहां मेडिकल कॉलेज के हालात पत्थर होते जा रहे हैं वही यहां पर आए दिन हो रहे झगड़ों से ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि अब यह मेडिकल कॉलेज झगड़ा फसाद और मारपीट के लिए रह गया है। लोगों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज में ना तो दवाइयां है और ना ही पर्याप्त मात्रा में डॉक्टर हैं जो डॉक्टर हैं वह मेडिकल कॉलेज में आए हुए मरीजों को सिर्फ रेफर करने का काम करते हैं। इस मेडिकल कॉलेज में उपचार के नाम पर कोई दवाई नहीं दी जाती, बल्कि मरीजों को रेफर किया जाता है। जिससे अब यह मेडिकल कॉलेज का उपचार करने के लिए नहीं बल्कि रेफर करने के लिए जाना जाता है।

# अमृत कलश यात्रा के साथ दिल्ली रवाना हुए जनप्रतिनिधि

## वीर शहीदों को दी सच्ची श्रद्धांजलि, कहा शहीदों की कुर्बानी से लेगी युवा पीढ़ी प्रेरणा

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**



नूंह । उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में अमृत कलश यात्रा जिला के सभी गांवों, खंडों, शहरी क्षेत्रों में निकालने के बाद आज जिला से संबंधित जनप्रतिनिधि अमृत कलश लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुए। मेरी माटी-मेरी देश कार्यक्रम के तहत जिला के सभी खंडों व वार्डो से अमृत कलशों में एकत्रित किए गए चावल व मिट्टी लेकर जिला के कलश यात्री दिल्ली के लिए रवाना हुए। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि पहले सभी कलश यात्री गुरुग्राम जाएंगे, जहां भारत सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा कलश यात्रियों का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात इन्हें दिल्ली में बनाई जा रही अमृत वाटिका में पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत शहीदों के घर की मिट्टी, गांवों व शहरी क्षेत्रों के वार्डो की मिट्टी व चावलों को कलश में एकत्रित करके जिला स्तर पर एकत्रित किया गया था। जिला के सभी ब्लॉकों से एक-एक कलश में मिट्टी एकत्रित की गई थी, जिन्हें आज जन प्रतिनिधियों की अगुवाई में पूरे मान-सम्मान व श्रद्धापूर्वक गुरुग्राम भेजा गया है। उन्होंने बताया कि 31 अक्तूबर को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन होगा। देश के सभी हिस्सों से आई सभी अमृत कलशों की मिट्टी से शहीदों की याद में बनाई जा रही अमृत वाटिका में पौधे रोपित किए जाएंगे। क ल श ा यात्रियों ने मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत एकत्रित की गई मिट्टी को नमन कर शहीद वीरों को वंदन किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से मन में शहीदों के प्रति देशभक्ति की भावना जागृत होती है। देश के वीर सपूतों ने देश को आजाद कराने व देश की रक्षा करते हुए अपनी कुर्बानी देने वाले शहीदों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है तथा उनके मन में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। भारत सरकार का यह कार्यक्रम शहीदों को याद करने तथा उनके सम्मान में आयोजित एक बड़ा कदम है।

## स्कूली बसें दे रहीं हादसों को न्यौता, प्रशासन मौन

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**

तावडू । शहर में विभिन्न स्थानों पर प्रात- काल स्कूल बसें बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए खडी होती हैं। कई स्थानों पर तो एक ही समय में पांच-छ बसें खडी हो जाती हैं, जिससे यातायात बाधित हो जाता है। जिस ओर पुलिस प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। इस अव्यवस्था से कभी भी बडी दुर्घटना हो सकती है। क्षेत्रवासियों ने इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है। रिजवान, नरेश सिंह, खेमचंद, तुषार, ईश्वर सिंह, हरिराम, दिनेश कुमार, राकेश सिंह, राजाराम,




धनेश, गौरी शंकर, अली, नारायण, हरभगवान, ऋतुराज, विनोद कुमार, रामलाल, विष्णुदत्त, सतीश, भगवान सिंह आदि लोगों का कहना है कि नगर के विजय चौक, बावला चौक व पटौदी चौक पर प्रात- काल एक समय में ही पांच-छ स्कूल बसें खडी हो जाती है। जो पूरी सडक को घेर लेती हैं। जिससे अभिभावकों को भले ही फ ायदा हो, लेकिन आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पडता है। इस ओर पुलिस प्रशासन का तनिक भी ध्यान नहीं है। पुलिस प्रशासन सुबह के समय किसी भी उक्त स्थान पर मौजूद नहीं होता है। चाहे वह बावला चौक हो, चाहे विजय चौक या चाहे फि र पटौदी चौक जहां पुलिस को हर समय होना चाहिए। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

# जो सदैव रहने का बोध कराती है, उसे कहा जाता है सनातन : शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती

## मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में आयोजित धर्मसभा में रखे विचार

**भरोसा मित्र ब्यूरो**



रेवाड़ी। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती 1008 ने कहा कि मै जिस गद्दी पर विराजमान हुं, उसके क्षेत्र में 12 राज्य आते है। अपने क्षेत्राधिकार को देखने के लिए ही हरियाणा का दौरा किया है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती रविवार को मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में आयोजित धर्म सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इतने राज्यों में सबसे पहले मैने हरियाणा को इसलिए चुना क्योंकि इस राज्य के नाम मे हरि का नाम है और हरी के आने के बारे में बताया गया है। जिसकी वजह से सर्वप्रथम मैने हरियाण का चयन किया। इससे पूर्व शंकराचार्य का आगमन मॉडल टाउन स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में हुआ। जहां पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उसके पश्चात एक कलश यात्रा व शंकराचार्य की रथ यात्रा निकाली गई। जो राधाकृष्ण मंदिर मॉडल टाउन से शुरू होकर शास्त्री चौक, गांधी चौक तथा शिव चौक होते हुए बाल भवन आयोजन स्थल पर पहुंची। जहां पर धर्मसभा एवं प्रवचन शंकराचार्य द्वारा किया गया। उसके बाद बाल भवन में ही एक भंडारे का भी आयोजन भी किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद भी ग्रहण किया।

शंकराचार्य ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म सबसे पुराना है। इसके शुरुआत की न कोई तिथि है और ना ही इसके अंत की कोई तिथि है। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म का नाम सनातन इसलिये है जो चीज सदा रहती है या सदा रहने का बोध करवाती है। आयोजन समिति ने बताया कि सोमवार को प्रात- 6.30 से 7.30 बजे तक गुरु दीक्षा का भी कार्यक्रम टीपी स्किम में आयोजित किया जाएगा। समिति ने बताया कि जो भी व्यक्ति गुरुजी से दीक्षा लेने चाहता है तो समिति के सदस्यों को अपना नाम लिखवा सकता है।इस अवसर पर हरियाणा टूरिज्म के चैयरमेन डा. अरविन्द यादव, बृजलाल गोयल, त्रिलोक शर्मा, रिपुदमन गुप्ता, विजय बबल, दिनेश गोयल, विनयशील गोयल, मुकेश भटटेवाला, एमपी गोयल, नरेश मित्तल, सुनील ग्रोवर, राधेश्याम मित्तल, राजेन्द्र सिंघल पार्षद, रत्नेश बंसल, अमित गुप्ता, कपिल कसेरा, पार्षद दीपक पाल्हावासिया, चरत अग्रवाल, नरेश पंडित, विवेक भार्गव, हितेश, अनिल मित्तल, मनीष गुप्ता, अरूण गुप्ता सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**पार्टी संगठन** आगामी 5 नवंबर को दिल्ली में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह का दिया निमंत्रण

# पंजाब कृषि निर्यात निगम के चेयरमैन ने आम आदमी पार्टी की कमेटी सचिवों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**भरोसा मित्र ब्यूरो**



रेवाड़ी। आम आदमी पार्टी रेवाड़ी विधानसभा के संगठन मंत्री संजय शर्मा की अगुआई में वार्ड व गांव स्तर पर नियुक्त किए सचिव एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आज़ाद चौक स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। इस मौके पर पंजाब कृषि निर्यात निगम के चैयरमैन व रेवाड़ी विधानसभा के प्रभारी मंगल सिंह बस्सी ने नियुक्त किए गए वॉर्ड और गांवों के सचिवों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

इस दौरान प्रभारी मंगल सिंह बस्सी ने नियुक्त किए गए सभी सेक्रेटरी को बताया कि रोहतक में 5 नवंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल सभी सैक्रेटरी को उनके पद की शपथ दिलवाएंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण मैं आप सभी सेक्रेटरी को देने आया हूं।

इस दौरान सभी नवनियुक्त सेक्रेटरी ने शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सूबेदार विक्रम सिंह यादव, मनोज अन्ना, कुलदीप यादव, दलीप सैनी, राजपाल सैनी, ऋषिपाल यादव, समय सिंह यादव, सूबेदार ईश्वर सिंह यादव, सत्यनारायण शर्मा, रघुवीर शर्मा, भारत सोनी, जुगलकिशोर धींगरा, मदन सिंह, संतोष यादव, दौलत राम, कपिल, सुनिता गर्ग, ऊषा देवी, लक्ष्मी सैनी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केंद्रीय गृह मंत्री दो नवंबर को करेंगे सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । करनाल में दो नवंबर को प्रदेश स्तरीय अंत्योदय महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शामिल होंगे और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद करेंगे। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जिला नूंह से इस सम्मेलन में जाने वाले लाभार्थियों के लिए जरूरी व्यवस्था करने के संबंध में जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि करनाल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विशेषकर मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत लगने वाले मेलों के माध्यम से लाभ लेने वाले लोग शामिल किया जाए। इसके साथ कार्यक्रम में अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, चिरायु योजना के लाभपात्रों के अलावा परिवार पहचान-पत्र के आधार पर घर बैठे पेंशन बनने का लाभ लेने वाले व राशन कार्ड के लाभार्थियों को शामिल किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिला से अधिक से अधिक लाभार्थियों को शामिल किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए वे अपने विभागों से संबंधित लाभपात्रों की सूची तैयार कर उनसे संपर्क करें तथा उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने बारे सूचित करें। इसके बाद उपमंडल व ब्लॉक के हिसाब से बसों के रूट बना कर उन्हें करनाल में होने वाले सम्मेलन के लिए भेजा जाए। इस दौरान ध्यान रखा जाएगी कि किसी भी लाभार्थी को कोई परेशानी न आए। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप अहलावत व जिला अध्यक्ष भाजपा नरेंद्र पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर फटाफट

### मालगाड़ी की चपेट में आने से चरवाहे की मौत

**निजामपुर।** निजामपुर रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी की चपेट में आने से एक चरवाहे की मौत हो गई। जीआरपी नारनौल ने चरवाहे का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि रेलवे ट्रैक पर बकरियां चली गई थी। जिनको बचाने के चक्कर में चरवहा ही चपेट में आ गया। इस बारे में जीआरपी ने इत्तेफाकिया हादसे की कार्रवाई की है।
जीआरपी नारनौल के कैलाश चंद ने बताया कि उन्हें सूचना लगी थी कि निजामपुर रेलवे स्टेशन के पास किलोमीटर नंबर 73/15 के पास गांव रूपसराय का एक बकरी चराने वाला रणजीत सिंह बकरी चरा रहा था। उसकी बकरियां अचानक ट्रैक पर आ गई। वह अपनी बकरियों को ट्रैक से हटाने के लिए गया तो वहां से गुजर रही एक मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे रणजीत सिंह घायल हो गया। इसकी सूचना गाड़ी चालक ने निजामपुर रेलवे स्टेशन पर दी। जब उसे स्टेशन पर लाया गया तो उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद जीआरपी नारनौल ने मृतक के शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### सागरपुर वाया गुरुग्राम तक बस चलने से सैकड़ों यात्रियों को होगा फायदा



**मंडी अटेली।** सागरपुर वाया गुरुग्राम बस चलने से क्षेत्र के सैकड़ो लोगों को इसका सीधे तौर पर लाभ पहुंचेगा। रविवार को ग्राम पंचायत सागरपुर ने उनके गांव में बस चालक व परिचालक का फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। यह बस सागरपुर होते हुए तिगरा, खोड़ अटेली से गुरुग्राम तक चलाई गई है। रविवार को ग्राम पंचायत सागरपुर व ग्रामीणों द्वारा प्रदेश सरकार व परिवहन मंत्री तथा रोडवेज महाप्रबंधक नारनौल का धन्यवाद किया। इस मौके पर गांव के पूर्व सरपंच रोहतास सिंह, सरपंच सुबे सिंह, सितार सिंह, निहाल सिंह, महावीर प्रसाद, अमरदीप ,राजेश कुमार, मुख्तार सिंह, कुलदीप इत्यादि उपस्थित थे।

### रक्त दान करने से शरीर होता है स्वस्थः रघुवीर



**मंडी अटेली।** गांव गुजरवास में नेवल वेटेंरस एवं बाबा युवा क्लब गुजरवास के सौजन्य से विशाल रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ रघुवीर व नंबरदार रतन सिंह ने रिबन काट कर किया। कैंप में डाक्टर अंकित, डा॰ नरेन्द्र, शुरूभी, पवित्रा रेखा आदि ने रक्त एकित्रत किया। कैंप में 37 यूनिट रक्त लिया गया। कैंप में चार महिलाओं ने रक्त दिए। जिसमें एक संतोष देवी 55 साल की आयु में रक्त दिया। रक्त देने वालो का हौसला बढ़ाते हुए नंबरदार सुनील, कमांडो नरपत सिंह, तेज प्रकाश, औमप्रकाश आर्य तिगरा, राकेश तिगरा आदि ने बैज लगाकर रक्तदाताओं का सम्मान किया। सामान्य अस्पताल नारनौल की टीम रक्त लेने समय पर सुबह गुजरवास पहुंच गई थी। कैंप में रक्त की मात्रा देखकर ही रक्त लिया गया। कैंप में पहुंचे डाक्टर अंकित ने कहा कि रक्त देने से शारीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। बल्कि रक्त देने से कई बीमारियों से सुरक्षित रहता है। कैंप आयोजक कमांडो नरपत सिंह ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। दान किया गया रक्त किसी का अमूल्य जीवन बचा सकता है। रक्त दान करने वाली संतोष ने बताया कि वह साल में दो बार रक्त दान करती है। अब तक 20 बार रक्त दान कर चुकी है। प्रो॰ सुनीता, रेखा, सुनीता आदि ने इसी प्रकार की बात रक्तदाता तेजप्रकाश ने बताते हुए कहा कि वे सालों से रक्त दान करते आ रहे है। रक्त देने से उनका स्वस्थ अच्छा रहता है।

### सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए चलाई गई योजना सराहनीयः नरेश

**कनीना।** हरियाणा दिव्यांग प्रगतिशील शिक्षा अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार कौशिक ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा दिव्यांगों के हितों के लिए सराहनीय कार्य किए गए हैं अभी 123 दिव्यांग प्रवक्ताओं को प्राचार्य की पदोन्नति देकर मुख्याध्यापकों को भी प्राचार्य बनाने की कार्रवाई शुरू कर दी है इस बारे में निदेशालय के अधिकारियों इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शीघ्र ही मुख्याध्यापकों के प्राचार्य पद के लिए पदोन्नति कैस मांगे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों प्रदेश के दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने अपने कनीना दौरे के दौरान कहा था कि सभी विभागों के दिव्यांगों की पदोन्नति उनकी डीम्ड तिथि से की जाएगी तथा इसका लाभ भी दिव्यांग कर्मचारी को मिलेगा। प्रगतिशील दिव्यांग शिक्षा अधिकारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र गहलावत, महासचिव रमेश धारीवाल, सचिव रानी देवी तथा कोषाध्यक्ष सुनीता रानी तथा रेवाड़ी के जिला प्रधान अनिल यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ,शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल तथा निदेशक डा. अंसज सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि शीघ्र ही दिवाली पर दिव्यांगों को और नई पदोन्नति की सौगात मिलेगी।

### फरार आरोपित को पकड़ कर किया राजस्थान पुलिस के हवाले

**कनीना।** महेंद्रगढ़ पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। दूसरे जिलों/राज्यों में क्राइम कर जिले में आकर छुपने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई कर रही है, ऐसे आरोपितों को पकडक़र संबंधित थाना की पुलिस टीम के सुपुर्द किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने ऐसे अपराधियों को पकडने् के लिए जिले के सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए हुए हैं। जिनके तहत महेंद्रगढ़ पुलिस की स्पेशल स्टाफ कनीना की टीम ने राजस्थान के थाना विजय नगर, चितौडग़ढ़ के एक्सीडेंट के मामले में फरार आरोपित को काबूकर राजस्थान पुलिस के सुपुर्द किया है।

# वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर : ओम प्रकाश

## मंत्री ने श्री श्री 1008 महंत श्री शिवराम दास की पुण्यतिथि पर आश्रम को दिया 11 लाख का अनुदान

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने शनिवार देर सांय गुरु रविदास आश्रम में श्री श्री 1008 महंत श्री शिव रामदास की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर मंत्री ओम प्रकाश यादव ने महंत शिवराम दास की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि श्री श्री 1008 महंत श्री शिवराम दास क्षेत्र के बहुत सिद्ध संत थे। संतों की शरण में जाने से मनुष्य को शांति और सेवा भाव करने का मार्ग मिलता है।इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने आश्रम में नवनिर्मित स्नान घरों का उद्घाटन किया व आश्रम के लिए 11 लाख रुपए का अनुदान दिया। बाद में मंत्री ओम प्रकाश यादव ने बाल्मिक सभा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने पवित्र रामायण की रचना कर पूरी मानवजाति के कल्याण के लिए धर्म का मार्ग प्रशस्त किया। स इस मौके पर उन्होंने वाल्मीकि सभा के लिए 2 लाख रुपए का अनुदान दिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यक्रम के आयोजकों ने मंत्री ओम प्रकाश यादव का फूल माला व पगड़ी पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया।

### युवा वरिष्ठ नागरिकों से मार्गदर्शन लें

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने रविवार को शहर के साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में वरिष्ठ नागरिक संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ओम प्रकाश यादव ने वरिष्ठ नागरिक संगठनों को दी गई एलइडी का भी रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि युवा नागरिक वरिष्ठ नागरिकों से ज्ञान लेकर अपना जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें। गांव शहर व अन्य जगह में रहने वाले वरिष्ठ नागरिक अपना जीवन का हर प्रकार का अनुभव रखते हैं उनका अनुभव हमें जीवन में आगे बढने् का कार्य करेगा।उन्होंने कहा कि यह तो सृष्टि का नियम है कि आज जो युवा है उसको एक दिन वृद्ध जरूर बनना पड़ेगा।उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक ज्ञान के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों की सेवा करें। वरिष्ठ नागरिकों की की गई सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर है। उन्होंने कहा कि आश्रम में चल रहे वरिष्ठ नागरिक क्लब के वह भी सदस्य हैं और समय-समय पर यहां पर आते रहते हैं।

# पानी है अनमोल रतन इसे बचाने का करो जतन, अटल भूजल योजना

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



कनीना। कनीना के निकटवर्ती ग्राम धनौंडा में स्थित बाबा ब्रह्मचारी श्री कृष्णानंद धाम पर आज अटल भूजल योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा जांच के बाद टीम ने कुए के खुले पानी पर अपनी मार्किंग की इस कार्यक्रम के उपरांत कर्मवीर सिंह ने बताया कि अटल भूजल योजना के तहत सरकार ने गांव गांव में कार्यक्रम चलाया हुआ है ताकि गांव में ट्यूबवेलों के अंदर बोरिंग के अंदर सूखने वाले पानी को लेकर सरकार बड़ी चिंतित है। उन्होंने अलग-अलग टीम बनाकर इस योजना को अमली जामा पहनाया है ताकि पीने के पानी को लेकर भविष्य में कोई खतरा न रहे और बेस कीमती जल को बचाया जा सके। इस मामले को लेकर अटल भूजल योजना में कार्य कर रहे कर्मवीर सिगडिया ने बताया कि हम हर महीने गांव में जाकर गांव में बने हुए ट्यूबल की मशीन द्वारा जांच कर पानी नापते हैं की एक महीने में पानी कितना ऊपर आया या नीचे गया अगर पानी नीचे जाता है तो लोगों को इकट्ठा कर उनको पानी वेस्ट नहीं करने की सलाह देते हैं और पानी की उन्मूलता को लेकर उसकी जानकारी भी देते हैं ताकि लोगों को आने वाले समय में अनमोल जल सुचारू रूप से मिलता रहे। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ समाज भाई अनिल यादव चौधरी, दलबीर सिंह, राम भगत शर्मा, ठाकुर कर्मवीर सिंह, गोलू दहिया, नरेंद्र शर्मा व घनश्याम शास्त्री के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### युवा मेरी माटी मेरा देश राष्ट्रीय अभियान के लिए दिल्ली रवाना



**नारनौल।** नेहरू युवा केन्द्र नारनौल द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में महेंद्रगढ़ जिले के 16 युवा अपने अपने ब्लॉकों की मिट्टी लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुए।
नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि दिल्ली में बनने वाली शौर्य स्मृति वाटिका में लगाई जाएगी। देश के हर ब्लॉक से मिट्टी से भरे कलश दिल्ली मंगाए गए है। मेरी माटी मेरा देश का राष्ट्रीय अभियान 30-31 अक्टूबर को राजपथ दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी शिरकत करेंगे और देशभर से आए युवाओं को सम्बोधित करेंगे। वहां पर वीरों की स्मृति में बनने वाली वाटिका में इस मिट्टी का उपयोग किया जाएगा। मेरी माटी मेरा देश अभियान के साथ आजादी का पर्व मनाया जा रहा है। यह अभियान देश के वीरों को सम्मान देने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान देशभक्ति, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का प्रतीक है। जो मातृभूमि के प्रति सामूहिक कर्तव्य को बताता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में उन शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। नारनौल बस स्टैंड से दिल्ली के लिए महेंद्रग? जिले से 16 युवा कर्मपाल यादव, हेमंत शर्मा, मोहित इसराना, पवन, गुलेश, कुनाल, मोहित यादव, हरीश शर्मा, गोपाल, निशांत, तुषार, बृजेश, दीपक, सोनू, सचिन व नरेश रवाना हुए।

# इलाके में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं : डा. मनीष शर्मा

### डिप्टी सीएम ने सरकार में रहते हुए युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। शहर के मोहल्ला मिश्रवाड़ा स्थित भारती जिम में तीसरी पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने मोहल्ला मिश्रवा?ा स्थित भारती जिम में रविवार को तीसरी पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। यह जानकारी देते हुए जेजेपी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस मौके पर उन्होंने प्रतियोगिता आयोजकों को प्रोत्साहन स्वरूप 31 हजार रुपये की राशि प्रदान की। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डा. शर्मा ने कहा कि हमारे इलाके में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यदि उचित समय पर उन्हें बेहतर मंच मिले तो वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के जौहर दिखा सकते हैं। उन्होंने थाईलैंड में चल रही प्रतियोगिता में भारत देश की तरफ से बॉडी बिल्डिंग में मि. इंडिया से मिस्टर यूनिवर्स का खिताब जीतने वाले नारनौलवासी नवनीत सिंह नवी की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने नारनौल शहर का देश ही नहीं, विदेशों तक नाम रोशन कर दिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं में भरपूर ऊर्जा होती है और जो वह मन में ठान लेते हैं, वह करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल में हार-जीत की बजाए उसमें भाग लेना सबसे महत्वपूर्ण होता है। प्रतियोगिता हमें हमेशा और बेहतर करने के लिए प्रेरित करती हैं । उन्होंने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की प्रशंसा में कहा कि वह प्रदेश ही नहीं, पूरे देश के युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बने हैं तथा उन्होंने सरकार में रहते हुए युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं। इस मौके पर ईश्वर भारती गुसाई, निक्की चौधरी, एडवोकेट त्रिलोक चंद गुप्ता, विक्रम पहलवान, पारस चौधरी, हरीश यादव, विनोद सैनी, पारस यादव, धर्मवीर प्रधान, चरण सिंह, मनोज सिंह एवं रावत आदि मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा घायल

कनीना। कनीना अटेली रोड पर स्थित यश्वी फिलिंग स्टेशन चेलावास के निकट घटित सडक़् दुर्घटना में एक 40 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। जबकि कार सवार एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी अनुसार आज सायं एक अल्टो गाड़ी एक क्रेन का एक्सीडेंट हो गया अल्टो के ड्राइवर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जिसका नाम विक्रम उर्फ मलेश पुत्र मदन आयु 40 वर्ष गांव धनौंदा बताया गया दूसरा व्यक्ति विनय उर्फ बंटी पुत्र बिल्लू राम गांव धनौंदा को एंबुलेंस अस्पताल में ले गई। डायल 112 की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच घायल को एम्बुलेंस से कनीना अस्पताल पहुंचाया तथा कनीना सिटी पुलिस को दुर्घटना की सूचना भी प्रदान की। कनीना पुलिस ने मौके पर पहुंच आगामी कार्यवाही आरम्भ का दी।

# आमजन को साइबर अपराधों के बारे किया जागरूक

**नारनौल।** पुलिस द्वारा आमजन को साइबर अपराधों के बारे जागरूक किया जा रहा है। आमजन जरा सी समझदारी और सावधानी से साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बच सकते हैं। रविवार को साइबर थाना की पुलिस टीम ने हीरो होंडा चौक नारनौल के पास आमजन को जागरूक करते हुए बताया कि साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस समय-समय पर अभियान चला रही है। लोगों को साइबर अपराधों से बचने के लिए सचेत रहना जरूरी है। साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर क्राइम का शिकार होता है तो तुरंत भारत सरकार की ओर से जारी साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। साइबर धोखाधड़ी के मामलों में अपनी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर या नजदीकी थाना या साइबर थाना में शिकायत दें सकते हैं।

# दौंगड़ा अहीर की रैली को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों से किया जनसंपर्क

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। नांगल चौधरी के विधायक डॉ अभय सिंह यादव ने 10 दिसंबर को प्रस्तावित जन विश्वास रैली को सफल बनाने के लिए आज नांगल चौधरी हलके के काफी गांव का दौरा कर लोगों को रैली में पहुंचने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डा. अभय सिंह यादव ने बताया कि पिछले 9 वर्षों में भाजपा सरकार ने जो बन पाया वह विकास कार्य करवाए हैं। अभी भी कुछ काम बाकी हैं उनको आने वाले समय में पूरा करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान गांव बनिहाड़ी, नायन, थनवास ढाकोड़ा, ढाणी माझिया, आसरावास, मोरुंड, नियामतपुर, ढाणी तिहागिया, ढाणी प्रेमा, गोठड़ी, बामनवास खेता, ढाणी चीमा व बिसना गांवों का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ नांगल चौधरी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश सैनी, नांगल चौधरी पंचायत समिति के अध्यक्ष कर्मपाल यादव, निजामपुर पंचायत समिति अध्यक्ष विनोद यादव, नारनौल पंचायत समिति अध्यक्ष पंकज यादव, सीहमा पंचायत समिति अध्यक्ष राजकुमार यादव व अटेली पंचायत समिति अध्यक्ष राजेंद्र यादव के अलावा तीनों मंडलों के अध्यक्ष पूर्ण गोठडी, हंसराज सिराधना तथा नरेंद्र यादव गोद के अलावा आस पड़ोस के गांवों के वर्तमान तथा पूर्व सरपंचों के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उनके साथ थे।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान

# अमृत कलश लेकर जनप्रतिनिधि व स्वयंसेवक दिल्ली रवाना

### दिल्ली में अमृत वाटिका में कुल 75 फलदार व औषधीय पौधे लगाए जाएंगे : ओम प्रकाश

### अमृत कलश की मिट्टी का उपयोग हमारे देश के महान बहादुरों के सम्मान में दिल्ली में बनाई गई अमृत वाटिका के लिए किया जाएगा : ओम प्रकाश

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने आज किला रोड से जिला महेंद्रगढ़ के सभी खंडों व शहरों से घर-घर से कलश में एकत्रित की गई माटी को दिल्ली ले जाने के लिए वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि जिला के जनप्रतिनिधि व स्वयंसेवक जो कलश यात्रा के साथ जा रहे हैं उनके लिए रहने व खाने पीने की व्यवस्था भारत सरकार ने की है। उन्होंने कहा कि जिला से जाने वाले जनप्रतिनिधि व स्वयंसेवकों के लिए धनचरी कैंप गुरुग्राम में रहने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मेरी माटी-मेरा अभियान के तहत राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इन अमृत कलश की मिट्टी का उपयोग हमारे देश के महान बहादुरों के सम्मान में दिल्ली में बनाई गई अमृत वाटिका के लिए किया जाएगा। दिल्ली में अमृत वाटिका में कुल 75 फलदार व औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। यह अमृत वाटिका कर्तव्य पथ के पास शहिदों की याद में समर्पित स्मारक पर तैयार होगी। हमारे वीरों की शहादत हमेशा देश की आने वाली पीढियां को प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर वार्ड नंबर 15 से पार्षद देवेंद्र सिंह व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



मन की बात कार्यक्रम

पीएम नरेंद्र मोदी का 106वां मन की बात कार्यक्रम बेहद प्रेरक एवं प्रशंसनीय रहा

# मन की बात के जरिए पीएम ने दिया स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावाः भारती

### पीएम ने महान देशभक्तों, महापुरुषों के साथ-साथ देश की प्रतिभाओं से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने को किया प्रेरित

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। रेवाड़ी रोड स्थित कैलाश नगर में प्रातः 11 बजे टीवी पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 106वां मन की बात कार्यक्रम सुना व देखा गया। इस कार्यक्रम को देखने उपरांत नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन एवं भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भारती सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 106वां मन की बात कार्यक्रम पिछले कार्यक्रमों की तरह ही बेहद प्रेरक एवं प्रशंसनीय रहा है। उन्होंने इस एपिसोड में महान देशभक्तों, महापुरुषों के साथ-साथ देश की प्रतिभाओं से प्रेरणा लेकर आगे बढने् को प्रेरित किया, वहीं उन्होंने स्वदेशी अपनाने का भी आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कहना कि इस बार हम त्योहारों पर ऐसे ही उत्पाद खरीदें, जिसमें देशवासियों के पसीने की महक को, देश के युवा का टेलेंट हो, यह अपने आपमें स्वदेशी आंदोलन को बढ़ावा देने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि अब दीपावली महापर्व आ रहा है तथा हमें घर एवं कार्यालयों की सजावट से लेकर पूजा सामग्री तक खरीदते हैं। नए कपड़े, जूते, आभूषण, बर्तन से लेकर नया उपयोगी सामान खरीदते हैं। इसलिए हमें स्वदेशी उत्पादों को खरीदने पर बल देना चाहिए। इससे हमारे देशवासियों को रोजगार मिलेगा और देश का पैसा देश में लगेगा। उन्होंने कहा कि दीपावली पर मिट्टी के दीये से लेकर लेकर अन्य उत्पाद अपने हमने देशवासियों के हाथों निर्मित खरीदने चाहिए, ताकि यहां की प्रतिभाओं को भरपूर सम्मान मिल सके। उन्होंने कहा कि देश अब मैन्युफैक्चरिंग का हब बन रहा है और कई ब्रांड देश में भी तैयार होने लगे हैं। यदि हम उन उत्पादों को अपनाते हैं तो इससे मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आने वाले समय की जयंती एवं बलिदान दिवसों को इस कार्यक्रम में याद कर अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस मौके पर भारती सैनी के परिवार एवं आसपड़ोस के लोग एवं बच्चे उपस्थित थे।

# इंप्रूवमेंट बोर्ड के चेयरमैन आप कार्यालय में कार्यकर्ताओं से हुए रूबरू



इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नांगल चौधरी। पंजाब सरकार में इंप्रूवमेंट बोर्ड के चेयरमैन हरमीत औलोख आज नांगल चौधरी स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। इस अवसर पर कुलदीप सिंह भरगड़ एडवोकेट, जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी लीगल सेल के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं ने उनको गुलदस्ता भेट करके स्वागत किया और सभी पदाधिकारीयो एवं नए आप के ग्राम सचिवों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। हरमीत औलख ने नए विलेज सेक्रेटरी जो पार्टी द्वारा बनाए गए हैं उनको पार्टी का पटका और मालाएं पहनाकर नियुक्ति पत्र भेंट किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि सब मिलकर मेहनत करेंगे और आपके बीच से साधारण परिवार के व्यक्ति को विधायक बनाकर हरियाणा में सरकार भी आप के सहयोग से बनायेंगे। उन्होंने चुनाव तक गांव गांव में जाकर पार्टी का प्रचार प्रसार करने को कहा और 5 नवंबर को रोहतक में होने वाले ग्राम सचिवों के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण दिया। उन्होंने पार्टी के सभी नव नियुक्त ग्राम सचिवों को बधाई दी। इस अवसर पर मुखराम हवलदार, उपाध्यक्ष एक्स सर्विसमैन विंग, जय सिंह प्रधान, ब्लॉक प्रधान वीरेंद्र गुर्जर ब्लॉक प्रधान बलवंत चौधरी जिला सह सचिव, मनोज ढैनवाल सोशल मीडिया प्रभारी, डा. गोपीराम, प्रेमचंद, अशोक, एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

30 page 6_01.qxd 10/29/2023 10:17 PM Page 1



## खबर फटाफट

### पब्लिक एजुकेशन बोर्ड की बैठक में लिए गए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय




**रेवाड़ी।** केएलपी कॉलेज स्थित पब्लिक एजुकेशन बोर्ड कार्यालय में रविवार को पीईबी की एनुअल जनरल मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक विषयों पर सार्थक विचार विमर्श के उपरांत अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस मौके पर साल भर की उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए बोर्ड के महासचिव जगमोहन गुप्ता ने केएलपी कॉलेज सहित सतीश पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सतीश कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन और आरडीएस गर्ल्स कॉलेज के शैक्षणिक सांस्कृतिक व खेलकूद से संबंधित गतिविधियों तथा उपलब्धियों पर संतोष प्रकट किया और इसी प्रकार निरंतर विकास पथ पर बढ़ते रहने की आशा जताई। अध्यक्षीय संबोधन में पीईबी के अध्यक्ष एडवोकेट राजीव गुप्ता ने 80-जी और 12-ए के अंतर्गत पीईबी में आने वाली दानराशि के करमुक्त होने की बात से अवगत कराया और चारों शैक्षणिक संस्थाओं के विकास की प्रशंसा करते हुए उनके पदाधिकारियों की सराहना की। नवनिर्मित कार्यालय में आयोजित पहली एनुअल जनरल मीटिंग में अनेक सुधारात्मक फैसले ध्वनिमत से लिए गए।
पीईबी कोषाध्यक्ष अजय यादव ने चारों संस्थाओं के कार्यकारिणी पदाधिकारियों सहित उपस्थित प्राचार्य व आजीवन सदस्यों का आभार प्रकट किया। बैठक में उपस्थित सभी मेहमानों को पब्लिक एजुकेशन बोर्ड की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### अमृत कलश के साथ जनप्रतिनिधि दल दिल्ली के लिए रवाना



**रेवाड़ी।** मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत 30 व 31 अक्टूबर को कर्तव्य पथ इंडिया गेट नई दिल्ली में अमृत कलश यात्रा और अमृत महोत्सव का समापन समारोह आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। रविवार को डीसी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन व एडीसी एवं नोडल अधिकारी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की देखरेख में अमृत कलश सम्मानपूर्वक रेवाड़ी से गुरूग्राम होते हुए दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए रवाना किए गए। बीडीपीओ अमन कुमार ने जिला से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के संयुक्त रूप से जनप्रतिनिधियों को अमृत कलश के साथ वाहनों में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जन प्रतिनिधियों में देशभक्ति का भाव व पूरा जोश और उत्साह देखने को मिला। जनप्रतिनिधि वाहनों में अमृत कलश के साथ भारत माता की जय के नारे लगाते हुए रेवाड़ी से रवाना हुए। सोमवार 30 अक्टूबर व मंगलवार 31 अक्टूबर को दिल्ली के कर्तव्य पथ-इंडिया गेट पर पर मेरी माटी-मेरा अभियान के तहत राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय कार्यक्रम के अवसर पर अमृत कलश की पवित्र मिट्टी से दिल्ली में 'अमृत वाटिका' का निर्माण होगा। साथ ही मेरा युवा भारत अभियान का शुभारंभ, अमृत महोत्सव स्मारक निर्माण, लाइट एंड साउंड शो, भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अमृत अवार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कांग्रेस नेता स्व. राव अर्जुन सिंह के परिजनों को दी सांत्वना

**रेवाड़ी।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने राव अजीत सिंह के पुत्र राव अर्जुन सिंह के आकस्मिक निधन पर रविवार को रामपुरा स्थित



निवास पर पहुंचकर माता कविता सिंह राव सहित अन्य परिजनों को सांत्वना देते हुए ढांढ़स बंधाया और भगवान से दिवंगतआत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की। गौरतलब है कि राव अर्जुन सिंह का गत 19 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया था। ओमप्रकाश यादव ने राव अर्जुन सिंह की माता को बेटे के आकस्मिक निधन पर सांत्वना देते हुए कहा कि इतनी कम आयु में परिवार के सदस्य का संसार से जाना संपूर्ण राव घराने के लिए बहुत बड़ी छति है। उन्होंने ईश्वर से राव अर्जुन सिंह की माता सहित अन्य परिजनों को हिम्मत देने तथा परिवार को संबल शक्ति प्रदान करने की प्रर्थना की।

# आत्मनिर्भर भारत निर्माण के लिए करें 'वोकल फॉर लोकल' का चयन : डा. बनवारी लाल

### सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने आसरा का माजरा में सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

भरोसा मित्र ब्यूरो



रेवाड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो प्रोग्राम मन की बात के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। पीएम मोदी की मन की बात का ये 106वां एपिसोड रहा है। हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने आसरा का माजरा गांव के बूथ नंबर 210 पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों के साथ के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।
इस दौरान सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सदैव युवा पीढ़ी को प्रेरणा देते हुए उनका मार्ग प्रसस्त करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज के मन की बात कार्यक्रम में 'वोकल फॉर लोकल' पर जोर देते हुए यह संदेश दिया कि त्योहारों के दौरान हमारी प्राथमिकता 'वोकल फॉर लोकल' होनी चाहिए। डा. बनवारी लाल ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और 'आत्मनिर्भर भारत' निर्माण के लिए लोकल सामान ज्यादा खरीदें ताकि छोटे उद्यमियों को फायदा हो और देश का पैसा देश में ही रहे। साथ ही लोगों से यह भी अपील की कि लोकल के लिए वोकल बने। वोकल फॉर लोकल का मतलब है की देश में निर्मित वस्तुओं को केवल खरीदें नहीं बल्कि साथ में गर्व से इसका प्रचार भी करें। उन्होंने कहा क्योंकि हर ब्रांड पहले लोकल ही थे, उसके बाद ही ग्लोबल ब्रांड बने है। ठीक उसी तरह हमे अपने लोकल प्रोडक्ट्स को ग्लोबल ब्रांड बनाना है। पहले खादी भी लोकल था, पर अब यह भी ब्रांड है, इसे आपने ही ब्रांड बनाया है। डा. बनवारी लाल सहित भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात में कहीं गई बातों को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनने के पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं ने तय किया कि वे स्वयं लोकन फोर वोकल के प्रति जन-जन को प्रेरित करेंगे।
सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने इसके उपरांत 'जनसंवाद' कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए रूबरू हुए और उनकी बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं सहित परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन व अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व व मार्गदर्शन में प्रदेशभर में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जनसंवाद के माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं व शिकायतें सीधे तौर पर जन प्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार तक पहुंचा सकते हैं।
इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता वीर कुमार यादव, भाजपा मंडलाध्यक्ष अमरजीत सिंह, भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामसिंह सांभरिया, प्रदेश सचिव भाजपा महिला मोर्चा हेमलता तंवर,कविता गुप्ता, सरपंच वीर सिंह, निखिल यादव, महेंद्र सिंह, भागमल नंबरदार, ओमप्रकाश मास्टर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व ग्रामीण मौजूद रहे।

# पीएम मोदी ने खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित : खोला

### शहर के मौहल्ला संघी का बास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम हुआ लाइव, दूरदर्शन तथा पीएमओ की टीम ने किया संचालित

भरोसा मित्र ब्यूरो



रेवाड़ी। 125 के आंगनबाड़ी केंद्र से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन के बात कार्यक्रम का 106वां एपीसोड लाइव प्रसारण किया गया। दूरदर्शन तथा पीएमओ की टीम बीती रात ही रेवाड़ी पहुंच गई थी। जिन्होंने पूरा सेटअप करके इस कार्यक्रम को संचालित किया।
कार्यक्रम संयोजक डा. सतीश खोला पीपीपी कोऑर्डिनेटर ने बताया कि यह पूरे प्रदेश में एक ही कार्यक्रम था। जिसको पीएमओ ने लाइव किया था। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं हमारे कार्यक्रम को लाइव देखा है। उपस्थित मौहल्लेवासियों ने प्रधानमंत्री की वोकल फॉर लोकल की बात पर ज्यादा फोकस करना तथा खिलार्डो ों के प्रोत्साहित करते हुए उनका जिक्र करना तथा अन्य सांस्कृतिक रचनात्मक विषयों जिक्र करते हुए जो बातें कही है उनसे हम सभी गदगद है। उन्होंने कहा कि हरियाणवी खिलाड़ी रविंद्र सैनी का जिक्र करके हम सभी हरियाणवियों को प्रधानमंत्री ने गोरांवित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय-समय पर अपनी बात मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से करते हैं, इससे पूरे राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत का पता चलता है और नवयुवक-नवयुवतियों को देश की पूरी संस्कृति, हमारी विरासतें और नए उद्योग धंधों के बारे में खासकर स्टार्टअप को विशेष प्रोत्साहन मिलता है। इस मौके पर सोम प्रधान, विनीता पीपल पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद, अशोक मुदगिल, पुष्पा मुदगिल, नरेंद्र पीपल, दिलीप शास्त्री, आरके जांगड़ा, विवेक यादव, राहुल यादव, कुलदीप लांबा, दिवाकर कौशिक, भावना यादव, संतोष यादव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करना सरकार का उद्देश्य : जरावता




### विधायक ने ग्रामीणों से किया किया सीधा संवाद, सुनी समस्याएं व शिकायतें

### अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंची सरकार की मनोहर योजनाएं

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पटौदी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने संकल्प से सफलता के 9 वर्ष पूरे करते हुए जनहितकारी नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभांवित करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। विधायक जरावता रविवार को बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव कसौली, बोलनी, पातूहेड़ा, प्राणपुरा व नांगल तेजू में ग्रामीणों से 'जनसंवाद' कर रहे थे।
विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार किया और युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के योग्यता के आधार पर प्रदेश में सरकारी नौकरियां देने का काम किया। मुख्यमंत्री ने सीएम विंडो व जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन की शिकायतों का पारदर्शिता से समाधान सुनिश्चित किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय में वृद्धि हुई। प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का प्रदेश में व्यापक असर देखने को मिला जिसके परिणाम स्वरूप हरियाणा सरकार की मनोहर योजनाएं समय पर अंतिम व्यक्ति तक पहुंची हैं।
विधायक सत्यप्रकाश जरावता बावल विधानसभा क्षेत्र के गांव कसौली, बोलनी, पातूहेड़ा, प्राणपुरा व नांगल तेजू में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए रूबरू हुए और उनकी बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं सहित परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन व अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए। जनसंवाद कार्यक्रमों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक जरावता का पगड़ियों व फूल मालाओं से स्वागत अभिनंदन किया।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व व मार्गदर्शन में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जनसंवाद के माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं व शिकायतें सीधे तौर पर जन प्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार तक पहुंचा सकते हैं।

#### भ्रष्टाचार और पर्ची-खर्ची के दिन गए

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार ने प्रदेश से खर्ची-पर्ची का सिस्टम खत्म कर दिया है। प्रदेश से भ्रष्टाचार और पर्ची-खर्ची के दिन गए। प्रदेश सरकार ने योग्य युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के पारदर्शी तरीके से नौकरियां दी हैं, जिसकी बदौलत प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता और मेरिट के आधार पर नौकरी मिली है। अब नौकरी पाने के लिए किसी के पीछे भागने की जरूरत नहीं है, बल्कि अपने बच्चों को अच्छी अच्छी दिलाओ, ताकि वह अपनी योग्यता से बलबूते स्वयं ही नौकरी प्राप्त कर सके। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान, जिला महामंत्री ईश्वर सिंह चनीजा, मंडलाध्यक्ष राजपाल कसाणा, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा कुलदीप यादव, निखिल यादव जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, नवीन शमा, सुरेश शर्मा, रामेहर यादव, गोल्डी चौहान, सतपाल थानेदार, एसडीएम होशियार सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद रहे।

# गलत दिशा में चलने वाले 58 वाहन चालकों के काटे चालान

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। जिला पुलिस द्वारा गलत दिशा में ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया। जिसके तहत जिला पुलिस द्वारा लेन ड्रावइिंग की



अवहेलना पर 58 वाहन चालकों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन द्वारा पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सडे सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना के लिए दृढ़ता से करवाई की जाए। मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत गलत लेन ड्राइविंग (बाईं लेन में ना चलक) करके नियमों की उल्लघंना करने पर वाहनों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रबंधक को निर्देश दिए गए थे कि सभी मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाईं लेन में चले। जिससे सडे सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सडे हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत गलत दिशा व बाईं लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत 58 वाहनों के चालान किए।

# अवैध पटाखे बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी, एक गिरफ्तार

### पुलिस ने 7 बोरों में रखे 133 किलोग्राम अवैध विस्फोटक पटाखे किए बरामद

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश व उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए अपराध शाखा-1 रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने अवैध रूप से पटाखे बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहल्ला नई बस्ती निवासी लक्ष्मीनारायण पुत्र बलवन्त सिंह के रूप में हुई हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7 अलग-अलग बोरो में रखे 133 किलोग्राम अवैध विस्फोटक पटाखे बरामद किए है।
जांचकर्ता ने बताया की गश्त के दौरान सूचना मिली कि लक्ष्मीनारायण पुत्र बलवन्त सिंह निवासी नई बस्ती ने अपने मकान की छत पर बने कमरे में काफी मात्र में अवैध पटाखे बेचने के



लिए रखे हुए है। जो ग्रहकों को आज भी अवैध पटाखे चोरी छुपे बेच रहा है। सूचना के बाद तुरन्त रैडिंग पार्टी तैयार कर बताए हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया। जिसकी पहचान लक्ष्मीनारायण पुत्र बलवन्त सिंह निवासी नई बस्ती के रूप में हुई। पुलिस द्वारा आरोपी के मकान की तलाशी लेने पर 7 अलग-अलग बोरों में रखे 133 किलोग्राम अवैध विस्फोटक पटाखे बरामद हुए। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर में विस्फोटक अधिनियम व भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

#### 112 ग्राम गांजा सहित युवक दबोचा

**रेवाड़ी।** एंटी नारकोटीक्स सैल ने अवैध मादक पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुरुग्राम के हैलीमंडी के गांव टोडापुर हाल आबाद बाग कालोनी, शस्त्री नगर निवासी अजीत पुत्र महिपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 112 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। जांचकर्ता ने बताया की पुलिस को सूचना मिली अजीत पुत्र महीपाल निवासी बाग कालोनी नजदीक रेलवे फलाईऑवर हरिनगर नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है। वह अभी गांजा लेकर अपने घर के सामने खाली जगह पर बेचने की फिराक में खड़ा हुआ है। सूचना के बाद तुरन्त रेडिग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान अजीत पुत्र महीपाल के रूप मे हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 112 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रामपुरा में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## कार्यक्रम

### विधायक ने मुंडिया खेड़ा व किशनगढ़ में नवनिर्मित रोड का किया उद्घाटन

# भाजपा के पास गिनाने के लिए कुछ नहीं : चिरंजीव राव

### रेवाड़ी विधायक ने लोगों की सुनी समस्याएं

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। रेवाड़ी से कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव ने विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत गांव मुंडिया खेड़ा व किशनगढ़ में नवनिर्मित रोड का उद्घाटन किया, वहीं गांव गोकलगढ़ में जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान सभी गांव में ग्रामीणों ने विधायक चिरंजीव राव का जोरदार स्वागत किया और आभार प्रकट करते हुए कहा विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत विधायक सराहनीय कार्य कर रहे हैं। क्योंकि जिन-जिन गांव की सडे ें टूट चुकी थी, उन सभी का कार्य तीव्रगति से विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत करवाया जा रहा है। इसके इसके अलावा किसी गांव में सामुदायिक भवन या फिर ग्रामीणों द्वारा बताए गए अन्य कार्य जल्द पूरे करवा दिए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक चिरंजीव राव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा रेवाड़ी का जनप्रतिनिधि होने के नाते विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत जो भी ग्रांट आ रही है, उसको बिना किसी भेदभाव के पूरी विधानसभा में लगाया



जा रहा है। विपक्ष का विधायक होने के नाते कोई बड़ी योजनाओं को तो मैं पूरा नहीं कर सकता क्योंकि उनमें सरकार की बहुत बड़ी दखलअंदाजी होती है और भाजपा सरकार नहीं चाहती कि रेवाड़ी में रुके हुए कार्य पूरे हो। क्योंकि भाजपा सरकार को प्रदेश में बने हुए 9 साल पूरे हो गए हैं और इन नो सालों में कोई बड़ी योजना भाजपा सरकार रेवाड़ी और दक्षिण हरियाणा में नहीं लेकर आई। लेकिन कांग्रेस की सरकार बनने पर रुक सभी कार्यों को पूरा करवा दिया जाएगा।
विधायक चिरंजीव राव ने कहा हरियाणा प्रदेश बेरोजगारी में नंबर वन बन चुका है। उसके बावजूद भी अभी हाल ही में ग्रुप डी के लिए हुआ पेपर भी लीक हो गया। इससे पहले ना जाने कितने ही पेपर लीक हुए हैं। लेकिन सरकार ने इन पर कोई भी संज्ञान आज तक नहीं लिया है। वही परिवार पहचान पत्र में इतना बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। याशी कंपनी को 60 करोड रुपए देने के बाद ब्लैक लिस्ट किया है। जबकि उक्त कंपनी ने घर बैठे ही सारा सर्वे किया है। भाजपा सरकार के पास पिछले 9 साल की उपलब्धि गिनवाने के लिए कुछ नहीं है। अगले वर्ष होने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत से अपनी सरकार बनाएगी और प्रदेश में विकास का पहिया दोबारा से दौड़ेगा।

# शराब ठेकेदार के कार्यालय में चोरी करने का आरोपी नौकर यूपी से गिरफ्तार

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। थाना रामपुरा पुलिस ने धामलावास के पास शराब ठेकेदार के कार्यालय से हजारों रुपये चोरी करने के मामले में आरोपी सेल्समैन को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान यूपी के जिला कन्नौज के गांव तैरारब्बु निवासी विकास पुत्र सालिगराम के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि 21 सितंबर 2022 को गांव धामलावास निवासी हरपाल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह गांव गोलियाकी में शराब का ठेका चलाता है। उसने अपना कार्यालय नारनौल रोड पर गांव धामलावास की सीमा में बनाया हुआ है। जिस पर यूपी के गांव तैरारब्बु निवासी विकास पुत्र सालिगराम को उसने नौकर रखा हुआ था। वह इससे पहले उसके शराब ठेके पर सेल्समैन रहा है। 17 सितंबर 2022 की रात को विकास ठेके से 21540 रुपये व आइसक्रीम फ्रीज का दो हजार रुपये कैश तथा दो बैग चोरी करके फरार हो गया। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रामपुरा ने चोरी का



मामला दर्ज करके जाँच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी विकास को यूपी के गांव तैरारब्बु से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।

## खबर फटाफट

### भगवान वाल्मीकि ने मानव जाति को शिक्षा, संघर्ष का संदेश दिया : सुभाष कौशिक



**फरीदाबाद।** भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के अवसर पर तिगांव के सरकारी स्कूल में विशाल भण्डार एवं रागनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता जितेन्द्र चंदेलिया ने किया । इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष कौशिक बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। श्री कौशिक का पगड़ी बांध कर व फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। श्री कौशिक ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने महाकाव्य रामायण में आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक ज्ञान देकर समस्त मानव जाति पर किया उपकार। उनकी शिक्षाएं मनुष्य का मार्गदर्शन करने में हमेशा सार्थक सिद्ध हुई है, भगवान वाल्मीकि ने रामायण में अश्वमेघ यज्ञ का घोड़ा लव ओर कुश द्वारा पकड़े जाने की घटना लिखकर मानव जाति को शिक्षा, संघर्ष और अन्याय के सामने कभी न झुकने का संदेश भी दिया है। उन्होंने कहा कि यदि समाज को तरक्की और उन्नति के मार्ग पर ले जाना है, तो समस्त वाल्मीकि बिरादरी के लोगों को नशा, कुर्ती, अंधविश्वास त्याग कर गुरु वाल्मीकि जी की शिक्षा की प्रतीक कलम हाथों में थामनी होगी अगर अपनी आने वाली पीढ़ी को सामाजिक प्रतिस्पर्धा में शामिल करना है तो अपने जीवन में शिक्षा को आत्म सात करना होगा। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल सतयुग के एक महान ऋषि थे। बल्कि वह हमारे देश के सबसे पहले कवि हैं। उत्तर कांड मे अपनी प्रमुख भूमिका के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। सुभाष कौशिक ने कहा कि आदिकवि वाल्मीकि के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। पूरी दुनिया के लिए यह एक उदाहरण है की अपने जन्म से नहीं। बल्कि कर्म से कोई कुछ भी बन सकता है।

### महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर पूरे विश्व में हासिल की अमिट पहचान : उदयभान

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सीही के वाल्मीकि में महर्षि वाल्मीकि जी का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने किया। आयोजन समिति में सूरजमान सहित वाल्मीकि समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने सर्वप्रथम भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने रामायण जैसे धार्मिक ग्रंथ की रचना करके न केवल देश बल्कि पूरे विश्व में एक अमिट पहचान स्थापित की। इस धार्मिक ग्रंथ को आज भी लोग पूरी श्रद्धा और भावनाओं के साथ देखते है। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी ने महाकाव्य रामायण में आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक ज्ञान देकर समस्त मानव जाति पर किया उपकार। उनकी शिक्षाएं मनुष्य का मार्गदर्शन करने में हमेशा सार्थक सिद्ध हुई है, भगवान वाल्मीकि ने रामायण में अश्वमेघ यज्ञ का घोड़ा लव ओर कुश द्वारा पकड़े जाने की घटना लिखकर मानव जाति को शिक्षा, संघर्ष और अन्याय के सामने कभी न झुकने का संदेश भी दिया है। उदयभान ने कहा कि आज उनके प्रकटोत्सव पर हमें उनके बताए आदर्शो पर चलने का संकल्प लेना चहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला के संयोजन में वाल्मीकि समाज के गणमान्य लोगों ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

# राजनीति और जीवन में उतार-चढ़ाव चलते रहते हैं : धनखड़

### भाजपा नेता यशबीर डागर के कार्यालय पर राष्ट्रीय सचिव ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**



फरीदाबाद। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद से हटने के बाद पहली बार फरीदाबाद पहुंचे पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड ने कहा है कि राजनीति और जीवन में उतार-चढ़ाव चलते रहते हैं, मुझे खुशी है कि मैं पूर्व में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल के दौरान संगठन में राष्ट्रीय सचिव के पद पर वेंकैया नायडू की टीम में था और आज फिर से मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यकाल के दौरान जेपी नड्डा के नेतृत्व में पार्टी के संगठन में फिर से राष्ट्रीय सचिव की सूची में जगह मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ मेरे कोई मनभेद नहीं थे, राजनीति में मतभेद जरूरी हैं, अगर मतभेद नहीं होगा तो लोकतंत्र का सौन्दर्यीकरण खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहते हुए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ कार्य किया और मुझे खुशी है मेरे साथियों ने भी मुझे 10 में से 10 देकर के पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम किया। श्री धनखड़ आज सैक्टर-9 स्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी यशबीर डागर के कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज की गई मन की बात सुनने के बाद पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, भाजपा नेता मेहरचंद गहलौत विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर यशबीर डागर सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने श्री धनखड़ का पगड़ी बांधकर व फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस जातिवाद की राजनीति करती है जबकि भाजपा राष्ट्रवाद को आगे लेकर चलती है। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को बधाई देते हुए कहा कि हमने भी कंप्यूटर के मामले में उनसे बहुत कुछ सीखा है और मेरे से सैनी ने भी राजनीति में बहुत कुछ सीखा है। सैनी ने हमारे साथ किसान मोर्चा में भी काम किया है। उन्हें आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि सैनी के रूप में भी बीजेपी हरियाणा में अच्छा कार्य करेगी और निश्चित रूप से जहां प्रदेश की सभी 10 की 10 सीटों पर लोकसभा में भाजपा विजय हासिल करेगी। वहीं तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी। श्री धनखड़ ने कहा कि हमें आज बड़ी खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे शासनकाल के दौरान छोटे से प्रांत हरियाणा में शुरू की योजनाओं को आज अपने मन की बात में दोहराते हुए देश स्तर पर लागू करने की बात कही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की ख्याति पूरे विश्व स्तर पर बढ़ी है और भारत का डंका आज विदेशों में भी बज रहा है, वही भारतवर्ष में विकास का पहिया और तेजी से घूम रहा है। उन्होंने हरियाणा का जिक्र करते हुए कहा कि पन्ना प्रमुख के रूप में संगठन को जो मजबूती मिली जो आज वह विशाल वट वृक्ष के रूप में पूरे प्रदेश में संगठन खड़ा हो चुका है, जबकि शुरू करने से पहले यह चुनौती पूर्ण कार्य था। समूचे हरियाणा प्रदेश के 76 विधानसभा क्षेत्र में वह अब तक सफल पन्ना प्रमुख सम्मेलन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज भाजपा बूथ स्तर पर मजबूत है जबकि कांग्रेस पार्टी अपना संगठन नहीं बना पा रही है। पांच राज्यों के चुनावों को लेकर श्री धनखड़ ने कहा कि पांच राज्यों में हो रहे चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

# मोदी के नेतृत्व में भारत जो एजेंडा तय करता है, उसे दुनिया फॉलो करती है

### मोदी-मनोहर सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**



फरीदाबाद।केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार के साढ़े नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनियाभर में भारत का सम्मान बढ़ रहा है। भारत आर्थिक तौर पर मजबूत हुआ है उसके साथ सांस्कृतिक तौर पर भी बहुत मजबूत हुआ है। दशकों में देश में जो विकास नहीं हुआ, मोदी जी के साढ़े नौ साल के कार्यकाल में हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश मे नए हाईवे और एक्सप्रेसवे का जाल बिछाना, वाटर-वे का निर्माण, अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाना, दिव्य काशी भव्य काशी कोरिडोर, उज्जैन में महाकाल मंदिर और सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार, देश के सभी तीर्थो को हाईवे से जोडना, नए हवाई अड्डे बनाना, पासपोर्ट कार्यालय खोलना, 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज देना, निःशुल्क कोरोना वैक्सीन लगवाना जैसे अनेकों ऐसे काम हैं जो सिर्फ 9 साल में किये हैं। भारत आर्थिक तौर मजबूत होने के साथ आत्मनिर्भर भी हो रहा है। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि साढ़े 9 वर्षों में मोदी जी ने अपनी कार्य कुशलता एवं दूरदर्शी सोच से भारत को विकसित भारत व विश्व गुरु बनने की तरफ आगे बढाया है। उन्होंने पन्ना प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि तीसरी बार देश में भाजपा की सरकार बनानी है और मोदी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से कार्य करना है। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दशकों बाद देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो बिना थके, बिना रूके और बिना अवकाश के भारत को आगे बढ़ा रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में दुनिया का नजरिया भारत के प्रति बदला है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि विपक्ष को सत्ता की भूख है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी देश के विकास, विकसित भारत तथा श्रेष्ठ भारत बनाने की भूख है, सभी का कल्याण करने की भूख है। आज मोदी जो एजेंडा तय करते हैं, दुनिया उसको फॉलो करती है। आज भारत सुरक्षित हाथों में है। 2030 तक भारत जर्मनी और जापान को पीछे करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास ना नेता है और ना ही नीति है। विपक्ष का एक ही एजेंडा है मोदी को हटाओ। जबकि प्रधानमंत्री मोदी के पास विजन है और विकसित भारत का एजेंडा है। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस मतदाताओं से अपने नेता का नाम छिपाना चाहती है। उनको मालूम है कि अगर नेता का नाम बता दिया तो भट्ठा बैठ जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि देश को आगे बढ़ाने और विकसित भारत के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। इस मौके पर ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, ज़िला प्रभारी मनीष यादव, ज़िला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आरएन सिंह, पूर्व विधायक नागेन्द्र भड़ाना, नीरा तोमर, यशवीर डागर, प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र नेहरा, ओबीसी मोर्चा ज़िला अध्यक्ष भगवान सिंह, मंडल अध्यक्ष संजीव सोम, कवीन्द्र सिंह, संदीप भड़ाना, लक्ष्यवर्धन सिंह, पार्षद मनवीर भडे ाना, महेंद्र सरपंच, दिगपाल रावत, मनोज बालयान व भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धार्मिक आयोजनों से समाज में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है : हर्ष कुमार

### पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया आयोजन में उमड़े जनसैलाब से गदगद नजर आएं

**भगत सिंह तेवतिया, भरोसा मित्र**

पलवल। हरियाणा सरकार में चैयरमेन रहे सुरेंद्र तेवतिया ने आज पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव डीग में 52 पाल, डीग व बराहे पाल के सहयोग से सत्यनारायण कथा का आयोजन किया। इस सत्य नारायण कथा में उमड़े जनसैलाब से आयोजक सुरेन्द्र तेवतिया गदगद नजर आएं।पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार ने इस कार्यक्रम की सफलता पर पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन को सफल कर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी सदभाव और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कथाओं का प्राचीन महत्व है। पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार ने इस सफल आयोजन के लिए 52 पाल और डींग बराहे गांव का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि आयोजित इस कथा में आज बदरपुर से लेकर भरतपुर सोना से लेकर यमुना तक लाखों लोगों ने हिस्सा लिया पूरे क्षेत्र में कई कई किलोमीटर तक वाहनों का जाम लग रहा सबसे रोचक बात यह रही की इस आयोजन में ग्रामीण महिलाएं परंपरागत परिधान और नृत्य करती हुई पहुंची।



# शहीदों से लेगी युवा पीढ़ी प्रेरणा : दीपक मंगला



### विधायक ने अमृत कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर गुरुग्राम के लिए किया रवाना

**भगत सिंह , भरोसा मित्र**

पलवल। वीरों की याद में देश की राजधानी दिल्ली के बनाई जा रही अमृत वाटिका में पूरे देश के विभिन्न हिस्सों से आई मिट्टी से पौधे रोपे जाएंगे। मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम के तहत जिला के सभी खंडों व वार्डो से अमृत कलशों में एकत्रित किए गए चावल व मिट्टी को गुरुग्राम भेजा गया। विधायक दीपक मंगला ने रविवार को अमृत कलश यात्रा को लघु सचिवालय पलवल परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले यह सभी कलश गुरूग्राम ले जाए जाएंगे इसके पश्चात इन्हें दिल्ली में बनाई जा रही अमृत वाटिका में पहुंचाया जाएगा।विधायक दीपक मंगला ने कहा कि मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम के तहत शहीदों के घर की मिट्टी, गांव व शहरी क्षेत्र के वार्डो की मिट्टी व चावलों को कलश में एकत्रित करके जिला स्तर पर एकत्रित किया गया था। जिला के 6 ब्लॉकों से एक-एक कलश को जिला स्तर पर लाकर रखा गया था, जिन्हें जन प्रतिनिधियों की अगुवाई में आज पूरे मान-सम्मान के साथ गुरुग्राम भेजा गया है। विधायक दीपक मंगला ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत मिट्टी को नमन और वीरों को वंदन किया गया है। इस तरह के कार्यक्रमों से मन में शहीदों के प्रति देशभक्ति की भावना जागृत होती है। देश के वीर सपूतों ने देश को आजाद कराने में और देश की रक्षा करते हुए अपनी कुर्बानी देने वाले शहीदों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है तथा उनके मन में देशभक्ति की भावना का जागरण होता है। विधायक ने देश के वीर शहीदों को याद कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। हरियाणा राज्य के सभी जिलों से आज अमृत कलश गुरूग्राम में एकत्रित होंगे और उसके बाद यह सभी कलश दिल्ली में बनाई जा रही अमृत वाटिका में भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि 31 अक्तूबर को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन होगा। देश के सभी हिस्सों से आई सभी अमृत कलशों की मिट्टी से शहीदों की याद में बनाई जा रही अमृत वाटिका में पौधे रोपित किए जाएंगे। इस अवसर पर पलवल ब्लॉक समिति के अध्यक्ष भगत सिंह घुघेरा, पलवल ब्लॉक के वाइस चेयरमैन जितेंद्र, ब्लॉक होडल के वाइस चेयरमैन राजवीर, हथीन से अध्यक्ष असलम खान, मुकेश सिंगला, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, मेघश्याम शर्मा, बीडीपीओ प्रवीण कुमार, मोहित गोयल, रणवीर मनोज, वीरेंद्र नंबरदार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# ओबीसी के पक्ष में राहुल गांधी के आने से घबराई भाजपा: यशपाल नागर

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**



### कांग्रेस नेता ने भाजपा पर लगाया ओबीसी वर्ग को गुमराह करने का आरोप

फरीदाबाद। लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हरियाणा ओबीसी वर्ग के पूर्व प्रदेश चेयरमैन यशपाल नागर ने कहा है कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सासद राहुल गांधी द्वारा ओबीसी वर्ग के अधिकारों के लिए उठाई गई बुलंद आवाज के बाद देश-प्रदेश में भाजपा सरकार पूरी तरह से डरी हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आता देख अब भाजपा ओबीसी वर्ग के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है, लेकिन देश व प्रदेश की जनता अब इनके दोगले रूप को अच्छी तरह से पहचान चुकी है और अब इनके बहकावे में आने वाली नहीं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी ही सही मायनों में ओबीसी वर्ग की हितैषी है और जनता समझ चुकी है कि देश में राहुल गांधी ही ओबीसी वर्ग को उचित सम्मान दे सकते हैं। हरियाणा में जाट के स्थान पर ओबीसी वर्ग के नेता को प्रदेशाध्यक्ष पद सोंपना भी भाजपा की हार और डर को दर्शाता है। श्री नागर रविवार को यहां पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने कई स्थानों पर नुक्कड बैठक कर कांग्रेस के पक्ष में प्रचार व प्रसार किया जहां लोगों द्वारा उनका फूलमालाओं से गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता यशपाल नागर ने कांग्रेस पार्टी देश में हर जाति वर्ग के साथ खडी है और सभी जातियों व धर्म के लोगों का सम्पूर्ण विकास चाहती है लेकिन जब तक देश में जातिगत जनगणना नहीं होगी तब-तक देश में किसी भी जाति वर्ग को सही मायनों में उसका हक नहीं मिल सकता। क्योंकि जबतक यह पता ही नहीं है कि देश में कौन सी जाति कितनी संख्या में है तबतक आप कैसे तय करेंगे कि कौन सी जाति कितनी संख्या में पिछडी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि दरसल में भाजपा देश में जातिगत जनगणना कराना ही नहीं चाहती क्योंकि वह जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बांटकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता की निगाहें अब केवल राहुल गांधी पर टिकी हुई हैं क्योंकि राहुल गांधी ही देश में पहले ऐसे नेता हैं जो प्रधानमंत्री बनकर जातिगत जनगणना कराकर हर जाति को उसका हक देंगे जिससे ओबीसी वर्ग को भी सही और उचित न्याय मिलेगा। श्री नागर ने कहा कि भाजपा सरकार फूट डालो राज करो की नीति पर चलते हुए उन्हें हर वर्ग को गुमराह कर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज प्रदेश का हर वर्ग अपने आपको ठगा सा महशूस कर रहा है। प्रदेश का किसान, जवान, कर्मचारी, कच्चा कर्मचारी, सफाईकर्मी, मिड-डे मील, आशा वर्कर, मनरेगा मजदूर से लेकर पंच-सरपंचों तक हर वर्ग अपने अधिकारों के लिए सडकों पर आकर धरने-प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज भ्रष्टाचार का आलम है, युवाओं में बेराजगारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अपमान का घूंट पीकर बैठी जनता बडी बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रही है। पांच प्रदेशों में हो रहे विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की कलई खुलकर सामने आ जाएगी क्योंकि पाचों प्रदेशों में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने हरियाणा का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावा में जनता झूठ, जुम्ले व अपमान का हिसाब ब्याज समेत चुकता कर भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी।

# वैदिक धर्म यात्रा का उद्देश्य समाज उत्थान के लिए कार्य करना है

**पलवल।** वैदिक प्रचार धर्म रथ यात्रा को गांव कौंडल में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। यह वैदिक प्रचार धर्म रथ यात्रा फ़रीदाबाद से शुरू हुई और रविवार को पलवल के दर्जनों गाँवो में होती हुई गाँव कोंडल में पहुंचने पर सैकड़ों ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में शामिल सभी वैदिक प्रचारकों को फलों का प्रसाद वितरित किया। यह यात्रा डॉ युदबीर शास्त्री और देवराज आचार्य की अध्यक्षता में आई। जिनका जगह जगह फूल मालाओं से स्वागत और पगड़ी बाधकर स्वागत किया गया। देवराज आचार्य ने बताया कि वैदिक प्रचार धर्म रथ यात्रा को मुख्य उद्देश्य सामाजिक बुराइयो पर प्रकाश डालना और सामाजिक उथान के लिए कार्य करना है ।इस मौके पर आर्य समाज के समाजसेवी सूबेदार घासी राम , डॉ युद्धवीर , शेर सिंह आर्य , हरिवंश शास्त्री , नंदराम , मनवीर , मास्टर भूपेन्द्र और दिनेश आदि मौजूद थे।



**कार्यक्रम** जन्मोत्सव पर विशाल रक्तदान, हवन एवं सत्संग का आयोजन किया

# आजादी में सरदार पटेल का अभूतपूर्व योगदान : विजय प्रताप

**सात्विक देव, भरोसा मित्र**

फरीदाबाद। पाली गांव झरना मंदिर के परिसर में भारत के निर्माता लोहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मोत्सव पर विशाल रक्तदान, हवन एवं सत्संग का आयोजन किया गया । इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बड़खल विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ चुके कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह उपस्थित हुए। वहीं परम श्रद्धेय योगिराज ओमप्रकाश महाराज जी विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद थे। ग्राम पाली के सरपंच रघुबीर सिंह एवं समस्त समिति ने कांग्रेस नेता विजय प्रताप का स्वागत किया। इस अवसर पर विजय प्रताप सिंह ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्तूबर को मनाई जाती है। इस दिन को भारत में राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। सरदार पटेल आजाद भारत के पहले उप प्रधानमंत्री थे। देश की आजादी में सरदार पटेल ने अभूतपूर्व योगदान दिया। वल्लभ भाई पटेल ने शराब, छुआछूत और नारियों पर अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी। हिन्दू-मुस्लिम एकता को बनाए रखने की पुरजोर कोशिश की। आजादी की लड़ाई के दौरान वह कई बार जेल भी गए लेकिन पटेल की दृढ़ता के सामने अंग्रेजी हुकूमत को झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि पटेल को देश का पहला उप प्रधानमंत्री बनाया गया। उन्हें कई और जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सबसे बड़ी चुनौती देसी रियासतों का भारत में विलय था। छोटे बड़े राजाओं, नवाबों को भारत सरकार के अधीन करते हुए रजवाड़े खत्म करना कोई आसान काम नहीं था लेकिन बिना किसी जंग के सरदार पटेल ने 562 रियासतों का भारत संघ में विलय कराया। इस अवसर पर ओम भगवान, जगत ड्क्षसेह, कवि भड़ाना, मलखान भड़ाना, सुनील भड़ाना, नरेश भड़ाना, अमित भड़ाना, लोकेश भड़ाना, सतू भड़ाना, बीतू , रूगन नम्बरदार सहित अनेक गण्मांय लोग उपस्थित थे।



30 page 8_02.qxd 10/29/2023 10:30 PM Page 1



## खबर फटाफट

### शराब ठेकेदार ने जमीन मालिक को मारी गोली, हालत गंभीर



**सिरसा:** हरियाणा के सिरसा में कालावाली-रोड़ी रोड पर बीती रात गोलियां चल गई। गोली लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया। तिलोंकेवाला चौराहे पर शराब के ठेके पर जमीन मालिक व ठेकेदार के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। शराब ठेकेदार ने तैश में आकर जमीन मालिक को गोली मार दी। घायल को गंभीर हालत में कालांवाली के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। परिजन उसे हिसार लेकर गए हैं।शनिवार देर रात शराब ठेकेदार जग्गू व जमीन मालिक लाभ सिंह के बीच में शराब के ठेके की जगह पर ही किसी बात को लेकर विवाद हो गया। झगड़े के बाद शराब ठेकेदार जग्गू ने पिस्तौल निकाल ली और जमीन मालिक लाभ सिंह पर गोलियां दाग दी।लाभ सिंह को गले व पैर में गोली लगी है। वह वहीं लहूलुहान हालत में गिर गया। घटना की सूचना पाकर आसपास के लोगों ने ठेके पर पहुंचकर लाभ सिंह को अस्पताल में पहुंचाया। इस बीच ठेकेदार मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा घटना की जानकारी के तथ्य जुटाए जा रहे हैं।

### अश्लील वीडियो बना हड़प लिए पांच लाख, फर्जी एसीपी ने धमकाया था

**रोहतक :** एक व्यक्ति को अश्लील वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करते हुए 5 लाख 18 हजार रुपए वसूल लिए गए। जानकारी के अनुसार वॉट्सऐप पर वीडियो कॉल आई। व्यक्ति ने इसे रिसीव किया तो उसकी एक नग्न लड़की के साथ वीडियो बना ली। फिर वीडियो को वायरल की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 अक्टूबर की शाम को करीब 6 बजे उसके वाट्सऐप पर वीडियो कॉल आई। वीडियो काल रिसीव की तो सामने से नग्न लड़की की वीडियो चल रही थी। यह देखकर उसने कॉल को काट दिया। इसके बाद 26 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर फिर से एक कॉल आई। कॉल अटेंड करने पर सामने वाले ने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का एसीपी बताया। इसके बाद उससे पैसे वसूलने शुरू कर दिए गए।

### भ्रष्टाचार के आरोपों में लिपिक और जेई निलंबित

**हिसार :** आदमपुर नगर पालिका के लिपिक और जेई को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। हाई स्कूल रोड निवासी सुनील कुमार ने अपने शिकायती पत्र में प्रापर्टी आईडी बनाने के एवज में लिपिक और जेई को दो लाख रुपये की रिश्वत देने की बात कही। इसके बाद आदमपुर भाजपा नेता मुनीष ऐलावादी ने एनडीसी में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया जिसके बाद स्थानीय निकाय विभाग ने ये कार्रवाई की। प्रापर्टी आईडी में रिश्वत लेने के बारे में शनिवार को हाई स्कूल रोड निवासी सुनील कुमार ने स्थानीय शहरी एवं निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता को लिखित शिकायत देकर नगरपालिका के जेई और लिपिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

### करनाल में अंत्योदय महासम्मेलन दो नवंबर को,अमित शाह होंगे शामिल



**करनाल :** यहां सेक्टर-4 में दो नवंबर को अंत्योदय महासम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी में बिल्कुल कोताही न बरतें।कार्यक्रम में करीब 30 हजार लोगों के पहुंचने का अनुमान है। सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। डीजीपी ने सेक्टर-4 में होने वाले कार्यक्रम स्थल का भी दौरा किया। प्रदेश के अलग-अलग जिलों के सुरक्षाबलों को तैनात किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल से गुजरने वाले वाहनों की भी चेकिंग होगी। उसके बाद ही पार्किंग में प्रवेश मिलेगा। डीजीपी ने शहर में सतर्कता बरतने के अफसरों को निर्देश दिए है। ताकि कार्यक्रम में किसी तरह की कोई कमी ना हो सके।

### टायर फटने से टकराई दो कारें,तीन महिलाओं की मौत

**जींद :** करनाल रोड पर गांव हसनपुर के पास दो कारों की आमने-सामने की टक्कर होने से तीन महिलाओं की मौत हो गई। इस हादसे में एक अन्य महिला और चालक घायल हो गए। बताया जाता है कि मरने वाली तीनों महिलाएं हिसार के बरवाला से थीं।वे करनाल के मुणक में रिश्तेदारी में शोक व्यक्त करने के बाद वापस लौट रही थीं। जींद की तरफ से आ रही एक गाड़ी का अचानक टायर फट गया और वह बेकाबू होकर इनकी गाड़ी में जा घुसी। इस से इसमें राहुल नामक युवक की कार भी पलट गई और कार में सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।अलेवा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बेहोशी की हालत में वो लूटता रहा आबरू किशोरी की

**जींद :** उचाना क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी के साथ बेहोशी की हालत में दुष्कर्म किया गया। इससे ले की गर्भवती भी हो गई तो उसके साथ हुई दरिंदगी का पता चला। दरअसल ले की को दौरा आता था और वह होश खो बैठती थी। उसे पता भी नहीं चल पाता था कि उसे क्या हुआ है और वह कहां पर है। महिला थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला थाना पुलिस में दिए बयान के अनुसार उचाना थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी ने बताया कि उसे दौरे आते हैं और दौरा आने के बाद वह अपना होश खो बैठती है। इसे लेकर उसका इलाज भी चल रहा है। दौरा आने के बाद बेहोशी की हालत में उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया गया, लेकिन उसे पता नहीं चल पाया कि यह किसने किया है। जब वह गर्भवती हो गई तो इसका भांडा फूटा, लेकिन आरोपी का पता नहीं चल पाया है।

### जमीनी विवाद में चली गोली

**यमुनानगर :** जमीन विवाद में दो पक्षों में झगड़ा हो गया। यह इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे पर फायरिंग कर दी। हालांकि फायर हवा में ही मिस गया। पुलिस ने फायरिंग करने वाले को उसके रिवॉल्वर के साथ गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच की जा रही है। छछरौली थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि सूचना मिली कि गांव शाहपुर के रहने वाले मायाराम नंबरदार ने गांव के ही दूसरे व्यक्ति अजैब सिंह पर फायर कर दिया है। इसमें कोई घायल नहीं हुआ है।उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचते ही सबसे पहले रिवाल्वर को कब्जे में लिया गया। इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# भगवान वाल्मीकि सर्वसमाज के लिए पूजनीय : ज्ञानचंद गुप्ता

**उनका हजारों वर्षों पूर्व दिया गया समरसता और भाईचारे का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक**

भरोसा मित्र

पंचकूला। धानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि भगवान वाल्मीकि किसी एक जाति व समाज के लिए नहीं बल्कि सर्व समाज के लिए पूजनीय है। भगवान वाल्मीकि ने रामायण की रचना की थी और इस पवित्र ग्रंथ को समस्त हिंदू समाज द्वारा पूजा जाता है। वह बरवाला के बड़े खेड़ा के पास वाल्मीकि बस्ती में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

सबसे पहले उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने वाल्मीकि मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 5 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।



**बच्चे माता-पिता की आज्ञा का पालन करें**

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भगवान वाल्मीकि रचित रामायण में जिस प्रकार दर्शाया गया है कि श्री राम ने अपने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए 14 वर्ष का वनवास बिताया, उसी प्रकार सभी बच्चों को अपने माता-पिता का आदर व उनकी आज्ञा की पालना करनी चाहिए।

भगवान वाल्मीकि द्वारा हजारों वर्षों पूर्व दिया गया समरसता और भाईचारे का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। यदि जात पात जैसे संकीर्ण विचारों को हम छोड़ देग तो हमारा समाज और देश और उन्नत होगा। उन्होंने लोगों से भगवान वाल्मीकि द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा राम और लक्ष्मण का कितना अटूट प्रेम था महाराजा दशरथ ने राम को 14 वर्ष के वनवास का आदेश दिया। उनके भ्राता लक्ष्मण भी महलों को छोड़कर उनके साथ वनवास को चले गए। सीता ने भी महलों के सुख वैभव को छोड़कर अपने पति के साथ जंगलों में वनवास पर चले गए।

इस मौके पर स्वामी संपूर्णानन्द जी महाराज व स्वामी विचित्रानन्द जी महाराज थानापति अग्नि अखाडा उज्जैन, एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमरीक सिंह, ब्लॉक समिति के चेयरमैन राजीव राठौर, बरवाला के सरपंच ओम सिंह राणा, पार्षद सुशील सिंगला, पूर्व सरपंच बबलू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत, 3 बच्चे गंभीर रूप से घायल

**वैष्णो देवी से लौट रहा था जयपुर का परिवार**

भरोसा मित्र



**रोहतक।** नेशनल हाईवे 152-डी पर रविवार को कार और ट्रक का की टक्कर होने से कार में सवार दंपती की मौके पर मौत हो गई। उनके तीनों बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भिजवा दिए।

जानकारी के अनुसार परिवार वैष्णो देवी से जयपुर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान निंदाना गांव के पास हाईवे पर उनके आगे चल रहे ट्रक से उनकी कार की टक्कर हो गई।

मृतकों की पहचान जयपुर के ब्रह्मपुरी त्रिपोलिया निवासी गोविंद अग्रवाल (57) और उनकी पत्नी रेनू अग्रवाल (54) के रूप में हुई है। घायल हुए बच्चों में 27 वर्षीय शिप्रा, 23 वर्षीय हर्षा और 19 वर्षीय दिव्यम शामिल हैं। गोविंद महिलाओं के कॉस्मेटिक का सामान बेचने का काम करता था। पूरा परिवार वैष्णो देवी घूमने के लिए गया था।

**घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया**

रेनू के भाई जितेंद्र ने बताया कि उसकी बहन का परिवार वैष्णो देवी पूजा पाठ के लिए गया था। रविवार को पूरा परिवार कार में सवार होकर घर लौट रहा था।जब वे एक्सप्रेसवे 152डी पर चल रहे थे तो उनके आगे एक ट्रक चल रहा था। इसमें अचानक उनकी कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में उसकी बहन रेनू व जीजा गोविंद अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो भांजियां व एक भांजे को चोटें आई।स्थानीय लोगों की सहायता से घायल बच्चों उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## सीबीआई करेगी दुष्कर्म और आत्महत्या के मामले की जांच

**हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद जांच एजेंसी हरकत में आयी**

भरोसा मित्र

**चंडीगढ़ :** रोहतक में एक महिला और उसकी सास के साथ बलात्कार और एक पीड़िता की मौत से जुडें दो मामलों की जांच अब सीबीआई करेगी

बता दें कि इस मामले में गत 13 सितंबर को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद जांच एजेंसी हरकत में आयी है। रोहतक सिटी थाने में हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज किए गए इन मामलों को सीबीआई ने अपने हाथ में ले लिया है।

मामले की जांच कर रहे सीबीआई के सूत्रों का कहना है कि उन्होंने पुलिस से दोनों मामलों से संबंधित सभी रिकॉर्ड अपने कब्जे में ले लिए हैं। जल्द ही जांच एजेंसी इस मामले की जांच के लिए रोहतक सिटी पहुंचेगी।

इस केस में कथित तौर पर एक तांत्रिक-सह-ओझा शमशेर सिंह शामिल है। उसके कथित अपहरण से संबंधित पहली एफआईआर 7 जून, 2022 को पीड़ित महिला के परिवार के छह सदस्यों के खिलाफ दर्ज की गई थी। इसमें अपहरण और हमले के आरोप शामिल हैं। एफआईआर के अनुसार सिंह के बेटे सागर ने आरोप लगाया कि उपरोक्त तारीख को दो वाहनों में छह लोग उनके घर आए और उनके पिता का अपहरण कर लिया।

इसके बाद 2 जुलाई, 2022 को दर्ज की गई दूसरी एफआईआर में महिला के बलात्कार और मौत से संबंधित है, जिसमें शमशेर सिंह को आरोपी बनाया गया है। यह पीड़िता की सास के आरोपों पर आधारित है, इसके मुताबिक दोनों महिलाएं इलाज के लिए सिंह के घर में रह रही थीं। यह दोनों महिलाएं अपनी बहु का



इलाज कराने के लिए सिंह के घर आई थीं। सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया था कि वह उनकी बहू का इलाज कर सकता है और उसे कुछ गोलियां दीं। हालांकि 7 जून को रोहतक के पीजीआईएमएस अस्पताल में महिला की मौत हो गई। जांच अधिकारी (आईओ) को उसकी अप्राकृतिक मौत की जानकारी थी, लेकिन 22 जून, 2022 तक चुप रहे। पुलिस ने कोर्ट के एक प्रश्न के बाद ही एक आरोपी की जमानत की सुनवाई के दौरान उसकी मौत का खुलासा किया। पुलिस ने महेश और उसके परिवार के खिलाफ हत्या का आरोप हटा दिया।

## धार्मिक अनुष्ठानों से समाज में आती सुख-समृद्धि : हुड्डा

**माता-पिता को इस प्रकार से भावांजलि देने वाली संतानें हमेशा देश में अग्रणी रहती हैं**

सात्विक देव, भरोसा मित्र

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया ने आज पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव डीग में 52 पाल, डीग व बराहे पाल के सहयोग से सत्यनारायण कथा का आयोजन किया। इसमें कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

इनमें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामविलास शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, हरियाणा कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष उदयभान, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पुत्र चौधरी जयंत सिंह, हरियाणा के परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा, उत्तर प्रदेश के चीनी एवं गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण, पूर्व कैबिनेट मंत्री करण सिंह दलाल, पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार,पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह के जेष्ठ पुत्र विवेक प्रताप, निवर्तमान महापौर सुमन



बाला, विधायक नरेंद्र गुप्ता, पूर्व मंत्री विपुल गोयल, पलवल के विधायक दीपक मंगला, हथीन के विधायक प्रवीन डागर, होडल के विधायक जगदीश वाल्मीकि, पृथला क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, पूर्व विधायक ललित नागर, कांग्रेस के विधायक आफताब अहमद, मोहम्मद खान, मोहम्मद इलियास, सत्यवीर डागर, वरिष्ठ भाजपा नेता डा. बलदेव अलालवपुर आदि शामिल थे।

इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इस तरह की कथाओं के आयोजन से आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने इस आयोजन के लिए चौधरी सुरेंद्र तेवतिया को बधाई देते हुए कहा की जो अपने माता-पिता को इस प्रकार से भावांजलि देते हैं ऐसी संतानें हमेशा देश में समझ में अग्रणी भूमिका निभाती है। भाजपा नेता रामविलास शर्मा ने अपने पुराने राजनीतिक अनुभव सुनाते हुए इस प्रकार की कथाओं के महत्व का वर्णन किया और कहा कि सुरेंद्र तेवतिया का यह कदम सराहनीय है और निश्चित तौर पर सुरेंद्र तेवतिया उन्नति की ओर अग्रसर हैं जिसके लिए उन्होंने उनको अग्रिम बधाई भी दी। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पुत्र जयंत चौधरी ने कहा कि हमारे सामने अब इन आयोजनों में दो और चुनौतियों पर चर्चा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लगातार प्राकृतिक संसाधन समाप्त होते जा रहे हैं और बढ़ती आधुनिकता उद्योगों में भी रोजगार के अवसर काम करती जा रही है इस पर हमें गहन चिंतन की जरूरत है। पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी करण सिंह दलाल ने कहा कि इस तरह की कथा पहली बार इस क्षेत्र में हुई है जिसके लिए सुरेंद्र तेवतिया बधाई के पात्र हैं। करण सिंह दलाल ने कहा कि इस आयोजन के लिए 52 पाल और डीआईजी बाहरी गांव की चौधर की कितनी तारीख की जाए उतना कम है उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से यह आयोजन किया गया है वह विशुद्ध रूप से 52 पालकी कार्य शैली है। उत्तर प्रदेश के गाना एवं चीनी कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण ने धर्म और कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों में हमें राजनीतिक उद्बोधनों से बचना चाहिए इस तरह की कथाओं का महत्व था और हमेशा रहेगा इस कथा में आज बदरपुर से लेकर भरतपुर सोना से लेकर यमुना तक लाखों लोगों ने हिस्सा लिया पूरे क्षेत्र में कई कई किलोमीटर तक वाहनों का जाम लग रहा।

## बढ़ते प्रदूषण से लोगों के लिए सांस लेना हो रहा मुश्किल

भरोसा मित्र

बहादरगढ़। प्रदूषण का स्तर लगातार बे रहा है। इससे लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। शनिवार को एक्यूआई 323 पर पहुंच गया। जिसके बाद ग्रेप-2 की बंदिशें लागू हो गई। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने आशंका जताई है कि इस सप्ताह प्रदूषण का स्तर 400 से अधिक हो सकता है। इसकी एक वजह पंजाब में जलाई जा रही पराली और सर्दी बे ना भी है। यदि एक्यूआई 400 को पार करता है तो ग्रेप-3 की पाबंदियां लागू हो जाएंगी।

**स्थिति गंभीर होने की आशंका**

हाल ही में मनाए गए दशहरे पर एक्यूआई 225 था। दशहरे के पांच दिन



बाद एक्यूआई 100 प्वाइंट बढ़ गया है और 323 दर्ज किया गया। दीवाली का पर्व 12 नवंबर को है। प्रदूषण का स्तर जितनी तेजी से बढ़ रहा है उसे देखते हुए दीपावली पर ये काफी गंभीर स्थिति में पहुंच सकता है। दीवाली पर आतिशबाजी होगी और प्रदूषण बेहद खराब स्थिति में पहुंच जाएगा। सीएक्यूएम की ओर से पटाखों पर बैन लगाया गया है, लेकिन बाजार में विभिन्न स्थानों पर पटाखे बिक रहे हैं।

बता दें कि ग्रैप का तीसरा चरण लागू होने पर एनसीआर क्षेत्र में पेट्रोल से चलने वाले बीएस-3 इंजन और डीजल से चलने वाले बीएस-4 चार पहिया वाहनों के इस्तेमाल पर रोक लग जाएगी। साथ ही पत्थरों की क्रशिंग, ईंट भट्ठों, खनन और संबंधित गतिविधियों पर रोक लगाई जाएगी। इसके अलावा ग्रेप के पहले और दूसरे चरण की पाबंदियां भी लागू रहेंगी। इसके तहत 500 वर्ग मीटर के बराबर या उससे ज्यादा के उन भूखंड पर निर्माण और तोड़फोड़ परियोजनाओं पर काम रोकने का आदेश बना रहेगा।

## गांव पहुंचने पर पहलवान अमित पंघाल का जोरदार स्वागत किया गया

**मैंने 53 किलोग्राम भारवर्ग में ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया,अब ओलंपिक की है तैयारी**

भरोसा मित्र

**रोहतक।** कुछ दिन पूर्व चीन में संपन्न हुए एशियन गेम्स में कुश्ती में कांस्य पदक जीतने वाली अंतिम पंघाल रविवार को रोहतक पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

यहां महिला पहलवान अमित पंघाल के मायना गांव में पहुंचने पर पूरा गांव उसे देखने के लिए उमड़ पड़ा। उसे कई बुजुर्गों ने अपना आशीर्वाद दिया और उसके आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर अंतिम पंघाल ने




कहा कि वह पूरी तैयारियों के साथ इस बार ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर लौटेगी।

अंतिम ने बताया कि वह पहली बार एशियन गेम्स में खेलने के लिए गई थी। इससे पहले उसने केवल जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। एशियन गेम्स में कुछ महिला पहलवान अच्छी थीं, जिनकी तरफ और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। वे उन महिला पहलवानों को फोकस करेंगी। उसने इस साल सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य और जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।

अंतिम पंघाल ने बताया कि उन्होंने 53 किलोग्राम भारवर्ग में ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वहां वह और अच्छा खेलने का प्रयास करेंगी। वह सुबह साढ़े पांच बजे प्रैक्टिस करने के लिए जाती है और करीब साढ़े नौ बजे तक कड़ा अभ्यास करती है। वह शाम को भी पांच से करीब साढ़े 8 बजे तक अभ्यास करती है।

अन्य लड़कियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि जमकर परिश्रम किया जाए तो बेहतर खिलाड़ी बनने में कोई रुकावट नहीं आती है।

अंतिम के पिता रामनिवास ने बताया कि उनकी बेटी पिछले करीब साढ़े 6-7 साल से कड़ा अभ्यास कर रही है। उसकी मेहनत की बदौलत आज यह पदक लेकर आई है। आगे भी और अधिक मेहनत करवाएंगे और ओलिंपिक में बेटी स्वर्ण पदक जीतकर आए।

## रोहित ने लगाया खास शतक, धोनी-कोहली के क्लब में हुए शामिल

**बतौर कप्तान यह 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच था और वह कप्तानी का शतक लगाने वाले भारत के सातवें खिलाड़ी हैं**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच विश्व कप 2023 का 29वां मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में मैदान पर उतरते ही कप्तान रोहित शर्मा एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। बता दें कि यह रोहित का बतौर कप्तान 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच (तीनों प्रारूप यानी टेस्ट, वनडे और टी20 मिलाकर)था। वह कप्तानी का शतक लगाने वाले भारत के सातवें खिलाड़ी हैं।

इससे पहले महेंद्र सिंह धोनी, मोहम्मद अजहरुद्दीन, विराट कोहली, सौरव गांगुली, कपिल देव और राहुल द्रविड़



ऐसा कर चुके हैं। ओवरऑल रोहित 100 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी करने वाले दुनिया के 50वें खिलाड़ी बने।

धोनी 332 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि अजहरुद्दीन ने 221 मैचों में कप्तानी की थी। कोहली ने भारत के लिए 213 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी की। गांगुली ने 195, कपिल ने 108 और द्रविड़ ने 104 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी की थी। इनमें से सिर्फ धोनी और कोहली ने ही तीनों फॉर्मेट यानी टेस्ट, वनडे और टी20 में भारतीय टीम की कप्तानी की। अजहरुद्दीन, गांगुली, कपिल और द्रविड़ के समय सिर्फ दो फॉर्मेट (टेस्ट और वनडे) हुआ करते थे। कप्तान के रूप में रोहित का रिकॉर्ड शानदार रहा है। अब तक उनकी कप्तानी में भारत ने 99 अंतरराष्ट्रीय मैचों (इंग्लैंड से पहले) में से 73 में जीत हासिल की है, जबकि 23 में हार मिली है। दो मैच ड्रॉ रहे और एक मैच बेनतीजा रहा। जीत के मामले में रोहित का रिकॉर्ड कपिल, द्रविड़ से बेहतर रहा है। रोहित ने भारत के लिए अब तक 51 टी20 मैचों, 39 वनडे और नौ टेस्ट मैचों में कप्तानी की है। उनकी कप्तानी में भारत ने नौ टेस्ट में से पांच टेस्ट जीते हैं, जबकि दो में हार मिली है। दो टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। रोहित की कप्तानी में 39 वनडे (इंग्लैंड को मिलाकर 40वां) में से भारत ने 29 मैच जीते हैं, जबकि नौ में हार मिली है। एक मैच बेनतीजा रहा है। रोहित की कप्तानी में 51 टी20 में से भारत ने 39 मुकाबले जीते हैं, जबकि 12 में हार मिली है।

## नारनौल के नवी सिंह ने जीता मिस्टर यूनिवर्स का खिताब

भरोसा मित्र

**नारनौल।** थाईलैंड में बॉडी बिल्डिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित की गई मिस्टर यूनिवर्स प्रतियोगिता में जिले के नवी सिंह ने अपनी धाक जमाते हुए खिताब को अपने नाम किया।

बता दें कि इससे पहले नवी सिंह ने नई दिल्ली में आयोजित मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता जीती थी। इस उपलब्धि पर अनेक लोगों ने उनको बधाई दी है। नवी सिंह नारनौल शहर की ही जिम में प्रैक्टिस करते हैं। मोहल्ला दशमेश नगर के रहने वाले 26 वर्षीय नवनीत सिंह नई सराय स्थित हेल्थ मंत्रा जिम में 2 घंटे सुबह तथा 2 घंटे शाम को प्रैक्टिस करते हैं। गत 2 अक्टूबर को नई दिल्ली के मयूर विहार में बॉडीबिल्डिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में देश भर के अनेक बॉडी बिल्डर ने भाग लिया था।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 5 फुट 7 इंच हाइट से कम वह 5 फुट 7 इंच हाइट से



ज्यादा दोनों की ही प्रतियोगिताएं अलग अलग करवाई गई थी। दोनों ही प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाले की फाइनल प्रतियोगिताएं हुई।

जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता में उसने फिटनेस मॉडल में भाग लिया। दोनों हाइट में एक-एक बॉडी बिल्डर का चयन फाइनल में हुआ। इसके बाद फाइनल राउंड में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियंस ऑफ चैंपियन का खिताब जीत मिस्टर इंडिया बने थे।

## भारत ने विश्व कप में इंग्लैंड को 100 रन से हराया

**नई दिल्ली।** विश्व कप में भारत का विजय रथ लगातार आगे बढ़ रहा है। भारत ने वनडे विश्व कप 2023 में लगातार छठी जीत हासिल की है। भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 100 रन से हराया। टीम इंडिया ने विश्व कप में इंग्लैंड को 20 साल बाद हराया है। टीम आखिरी बार 2003 में डरबन के मैदान पर 82 रन से जीती थी। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टीम इंडिया ने टॉस हारकर बल्लेबाजी की और 50 ओवर में 9 विकेट पर 229 रन बनाए। 230 रन का टारगेट चेज करने उतरी इंग्लैंड की टीम 34.5 ओवर में 129 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इंग्लिश बैटर भारतीय गेंदबाजी के सामने लड़खड़ाते नजर आए।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।